डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 144 | पेज: 8 | जयपुर, शुक्रवार, 02 मई 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## खबर संक्षेप

### शांति और सौहार्द के साथ न्याय चाहिए



**करनाल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल समेत 26 निहत्थे पर्यटकों की बर्बरता से बत्या कर दी गई। इस आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों ने मृतकों को शहीद का दर्जा देने की मांग की है। लेफ्टिनेंट विनय की पत्नी हिमांशी नरवाल ने शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

### यूएस में रह रहा फई भगोड़ा अपराधी घोषित



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले की एक एनआईए अदालत ने अमेरिका में रह रहे 'लॉबिस्ट' गुलाम नबी फई को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बडगाम में एनआईए के विशेष न्यायाधीश के माध्यम से डॉ. गुलाम नबी फई को भगोड़ा अपराधी घोषित कराने में सफलता हासिल की है। वडवान निवासी फई फिलहाल अमेरिका में है और यूपीए मामले में आरोपी है।

### द. कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान का इस्तीफा



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने इस्तीफा दे दिया है। हान ने कहा कि उन्होंने देश के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए पद छोड़ने का फैसला किया है। हान शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे। उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति युन सुक येओल ने देश के दूसरे अहम पद पीएम के रूप में नियुक्त किया था।

### केन्या में विपक्षी नेता की गोली मारकर हत्या



**नैरोबी।** अफ्रीकी देश केन्या में विपक्षी नेता सांसद चार्ल्स वर की बीच बाजार गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना राजधानी नैरोबी में घटी। पुलिस ने बताया कि हत्या की यह घटना सुनियोजित थी और विपक्षी सांसद को पूरी योजना के तहत निशाना बनाया गया। जिस वक्त चार्ल्स को गोली मारी गई, उस वक्त उनके साथ ड्राइवर और बॉडीगार्ड भी था। हमलावर बाइक से आए थे।

# खत्म होगा भक्तों का इंतजार, आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट, 108 क्विंटल फूलों से सजाया मंदिर

## बाबा केदार की मूर्ति को फूलों से सजी डोली में 28 अप्रैल को रुद्रप्रयाग के उखीमठ से रवाना किया था

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग



चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को खुल गए हैं। वहीं केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खुलेंगे। इसके बाद 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंच गई है।

शुक्रवार सुबह विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। केदारनाथ धाम में तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। ऐतिहासिक मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। इसमें 45 तरह के फूल शामिल हैं। ये फूल 8 राज्य और 3 देशों से मंगवाए गए हैं। श्रृंगार वडोदरा और कोलकाता के कारीगर कर रहे हैं। केदारनाथ के कपाट खुलने के बाद 6 महीनों तक भक्त दर्शन कर सकेंगे। जून से अगस्त के बीच अगर मौसम सही रहता है, तो इस बार 25 लाख से ज्यादा लोगों के केदारनाथ धाम पहुंचने का अनुमान है।

### ऋषिकेश, गुजरात से आई पुष्प समितियां

*इस बार केदारनाथ मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। ऋषिकेश, गुजरात से आई पुष्प समिति द्वारा मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से भव्य रूप में सजाया गया है। मंदिर की इस आकर्षक सजावट को देखने के लिए भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। रंग-बिरंगे फूलों की सुगंध और भव्यता मंदिर को और भी दिव्य आभा प्रदान कर रही है। जिला प्रशासन ने कपाट खोलने के अवसर पर हर प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में पुलिस बल, आपदा राहत टीमें और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है।*

### ओंकारेश्वर मंदिर से इस दिन निकली थी डोली यात्रा

बाबा केदार की मूर्ति को फूलों से सजी डोली में 28 अप्रैल को रुद्रप्रयाग जिले के उखीमठ से रवाना किया गया था। डोली यात्रा की शुरुआत ओंकारेश्वर मंदिर से हुई, यह बाबा केदारनाथ का शीतकालीन पूजा स्थल है। जो लोग केदारनाथ धाम नहीं पहुंच सकते वो शीतकाल के दौरान इसी स्थान पर बाबा केदार के दर्शन कर सकते हैं।

## 30 अप्रैल से लेकर 3 मई 2025 तक प्रभावी रहेगी यह चेतावनी

# अरब सागर में बड़ा फायरिंग अभ्यास करती नौसेना, जारी हुई चेतावनी

नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सेना, वायुसेना देश की जमीनी और हवाई सीमा की सुरक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात हैं। वहीं, समुद्री क्षेत्र में नौसेना अपने जंगी बेड़े की मदद से दुश्मन की हर हरकत पर पैनी निगाह रखते हुए अरब सागर में गुजरात तट के करीब अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में एक बड़ा फायरिंग अभ्यास (मिसाइल फायरिंग व अन्य युद्धाभ्यास) कर रही है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इसके लिए भारत ने 30 अप्रैल से लेकर 3 मई 2025 तक के लिए चेतावनी (एनएवी) भी जारी की है। उक्त क्षेत्र के समुद्र तट से करीब 200 नॉटिकल माइल (लगभग 400 किलोमीटर) की दूरी पर भारत का ईईजेड स्थित है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान की समुद्री सीमा से लगे गुजरात तट के पास करीब चार से पांच जगहों के लिए भारत के राष्ट्रीय हाइड्रोग्राफिक कार्यालय द्वारा नेविगेशन एरिया वार्निंग (एनएवी) जारी की गई है।

जिसमें समुद्र में द्वारका, ओखा, पोरबंदर, दीव के अलावा कारवार शामिल है। नौसेना की भाषा में इस चेतावनी के साथ ही संबंधित इलाके की नौसैन्य कमांड के प्रमुख की तरफ से भी निर्देश रहता है कि फायरिंग के दौरान इलाके में न आएं या उससे दूरी बनाए रखें। बताते चलें कि पहले राष्ट्रीय हाइड्रोग्राफिक कार्यालय को भारतीय नौसेना हाइड्रोग्राफिक कार्यालय के नाम से जाना जाता था।

### हमले के बाद भारत की दूसरी चेतावनी

बीते 22 अप्रैल हुए हमले के बाद यह दूसरा मौका है जब भारत ने यह चेतावनी जारी की है। पूर्व में नौसेना के आईएनएस सूरत युद्धपोत द्वारा की गई मिसाइल फायरिंग के दौरान भी इस तरह की चेतावनी जारी की गई थी। उधर, भारत की देखा देखी पाकिस्तान की तरफ से भी चेतावनी जारी की गई है।



यहां बता दें कि हाल ही में नौसेना ने अपने आईएनएस सूरत समेत अन्य युद्धपोतों से कई एंटी शिप मिसाइलों की सफलतापूर्वक की गई फायरिंग से अपने लंबी दूरी के सटीक हमलों की तैयारी को प्रदर्शित किया है। दागी गई मिसाइलों में ध्वनि से तीन गुना अधिक गति के साथ अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाने में सक्षम सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल भी शामिल रही है।

### नौसेना के अभ्यास के मायने

सूत्रों ने कहा कि उक्त वार्निंग के दौरान नौसेना के जंगी प्लेटफार्म में शामिल युद्धपोत, पनडुब्बी के अलावा अन्य मारक अस्त्र-शस्त्रों के जरिए समुद्र के अंदर और उसकी सतह से फायरिंग की जाती है और उस दौरान संबंधित इलाके से गुजरने वाले अन्य जलीय पोत, जहाजों व वहां पहले से काम कर रही अन्य एजेंसियों को चेतावनी के साथ एक संदेश चला जाता है कि वह फायरिंग की बताई गई समय अवधि तक पर अमुक जगह से होकर न गुजरें व उससे दूरी बनाए रखें। इसके अलावा इस दौरान किसी भी असामान्य गतिविधि को लेकर नौसेना के युद्धपोतों को सतर्क रखा गया है।

### समुद्री सीमा की सुरक्षा करते नौसेना-तटरक्षकबल

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गुजरात तट के करीब नौसेना के साथ ही तटरक्षकबल भी देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए पूरी सतर्कता के साथ तैनात है। दोनों समुद्री बल किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए एकजुटता से क्षेत्र में हाईअलर्ट के साथ अपनी तैनाती बनाए हुए हैं।


### पहलगाम आतंकी कृत्य का जवाब लेंगे, किसी को नहीं बख्शेंगे: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम हमले में संलिप्त हर आतंकवादी को ढूंढ़ने का संकल्प जताया और कहा कि उन सभी से चुन-चुन कर इस जघन्य कृत्य का जवाब लिया जाएगा। शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार किसी भी आतंकवादी को नहीं बख्शेगी। उन्होंने यहां असम के बोडो समुदाय के प्रमुख नेता उपेंद्र नाथ ब्रह्मा की प्रतिमा का अनावरण और एक सड़क के नामकरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। गृह मंत्री ने कहा कि पहलगाम में जिस किसी ने भी यह कायरतापूर्ण हमला किया है, हम किसी को भी नहीं छोड़ेंगे। हम हर दोषी को ढूंढ निकालेंगे। मोदी सरकार आतंकवादियों के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर चल रही है और 1990 के दशक से कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ मजबूती से लड़ा जा रहा है। आतंकवाद के खिलाफ सरकार की लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक कि यह खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता। अगर कोई ये कायराना हमले करके ये समझता है कि हमारी बड़ी जीत है तो ये एक बात साफ तौर से समझ लीजिये, यह नरेंद्र मोदी सरकार है, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।



## ...अब पाकिस्तान की खैर नहीं

# आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे भारत और मिस्र



एजेंसी ▶▶ काहिरा

पहलगाम आतंकी हमले की दुनियाभर में निंदा की जा रही है। पाकिस्तान की लगातार मुश्किलें बढ़ रही हैं। अब भारत और मिस्र ने मिलकर आतंकवाद का मुकाबला करने की तैयारी की है। दोनों देश मिलकर आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। काहिरा में आतंकवाद रोकने को लेकर भारत-मिस्र संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक में दोनों देश आतंकवाद से निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर सहमत हुए।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि मिस्र ने हिंसा के सभी रूपों का सामना करने में भारत के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि की। दोनों ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। दोनों देशों ने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने में संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने अपने-अपने देशों और क्षेत्रों में आतंकवादी खतरों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आतंकवाद-रोधी) राजदूत केडी देवल और मिस्र के आतंकवाद-रोधी विभाग के निदेशक राजदूत वालिद अल-फिकी शामिल रहे।

### नई तकनीक का उपयोग करेंगे

भारत और मिस्र ने आतंकवाद के लिए तकनीक के उपयोग और क्रिप्टोकरेंसी, मानव रहित हवाई प्रणालियों सहित आतंकवाद के वित्तपोषण और आतंकवादियों द्वारा साइबरस्पेस के दुरुपयोग जैसी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए सहयोग के क्षेत्रों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देशों ने धन शोधन विरोधी प्रयासों, मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित अपराध में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई।

### रक्षा सहयोग को करेंगे मजबूत

भारत और मिस्र के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के उद्देश्य से रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल काहिरा पहुंचा। इसमें एचएएल, बीईएल, बीडीएल के सीएमडी समेत वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र के वायु रक्षा प्रमुख, एओआई के चेयरमैन और वायुसेना के चीफ ऑफ स्टाफ से मुलाकात की। मिस्र की ओर से नेशनल अथॉरिटी फॉर मिलिट्री प्रोडक्शन के वीसी और एमडी एमील हेल्मी एलियास ने चर्चा में भाग लिया।

## संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर गरजा भारत

# कहा- आतंकवाद अस्वीकार्य, चाहे कुछ भी शिकायत हो, हम शांति स्थिरता चाहते

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि पार्वथनेनी हरीश ने फिलिस्तीन पर एक बहस के दौरान सुरक्षा परिषद को बताया कि भारत पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता देखना चाहता है और हम इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकवाद अस्वीकार्य है, चाहे शिकायत कुछ भी हो, इसका समाधान केवल शांतिपूर्ण तरीकों से ही किया जाना चाहिए।

पी. हरीश ने हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आतंकवादी हमले की निंदा की और इजराइल द्वारा आतंकवादी हमले के

### बंधकों को रिहा करें

*पी. हरीश ने कहा कि भारत सभी संबंधित पक्षों से हिंसा छोड़ने, बंधकों को रिहा करने तथा वार्ता के रास्ते पर आगे बढ़ने का आह्वान करता है, ताकि सभी लोग सामान्य जीवन जी सकें। संघर्ष को समाप्त करने के लिए वार्ता और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है तथा इजराइल और फिलिस्तीन को संप्रभु राष्ट्र के रूप में एक साथ रहने का द्वि-राज्य समाधान 'स्थायी और सतत शांति' का सत्र है।*

## एक ही दिन दो बड़ी नियुक्तियां

# एयर मार्शल दीक्षित ने संभाला सीआईएससी का कार्यभार, त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आशुतोष दीक्षित



तेजिंदर सिंह

वायु सेना के वरिष्ठ फाइटर पायलट एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने गुरुवार को चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) का पदभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर उन्हें दिल्ली के साउथ ब्लॉक लॉन्स में त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इससे पहले एयर मार्शल दीक्षित मध्य वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे, जहां उन्होंने उत्तर भारत और मध्य क्षेत्र में परिचालन तैयारियों को सशक्त बनाने में योगदान दिया है।

### सिंह ने प्रशिक्षण कमान का नेतृत्व संभाला

एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने गुरुवार को भारतीय वायु सेना की प्रशिक्षण कमान के प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। वे इससे पहले वायु सेना मुख्यालय में डिप्टी चीफ ऑफ एयर स्टाफ के पद पर तैनात थे। कार्यभार संभालने के बाद एयर मार्शल सिंह ने मुख्यालय प्रशिक्षण कमान में औपचारिक सलामी गारद का निरीक्षण किया और वहां युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एयर मार्शल सिंह ने जून 1987 में कमीशन प्राप्त किया था करीब 4,500 घंटों से अधिक समय तक विमान उड़ाने का अनुभव है।

## अमेरिका और यूक्रेन के बीच हुआ एमओयू

# खनिज संसाधन समझौते पर किए हस्ताक्षर निवेश और आर्थिक सुधार को मिलेगी गति

एजेंसी ▶▶ कीव

अमेरिका और यूक्रेन ने खनिज संसाधन सौदे की घोषणा की। अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने इस समझौते के बारे में एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी संयुक्त राज्य अमेरिका को यूक्रेन के साथ निवेश करने की अनुमति देती है।



यह समझौता यूक्रेन के निवेश के माहौल को बेहतर बनाएगा और यूक्रेन की आर्थिक सुधार को गति देगा।

### यूक्रेन पर रूस का हमला, 2 की मौत

*यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने दावा किया है कि गुरुवार सुबह रूस ने काला सागर के तटवर्ती शहर ओडेसा में ड्रोन हमले किए। इन हमलों मे दो लोगों की मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने कहा कि रूस की बमबारी से कई इमारतें तबाह हो गईं। इसमें अपार्टमेंट, घर, सुपरमार्केट और एक स्कूल शामिल है।*

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## चीन की चाल

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अपने बयान में पहलगाम के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की बात कही है, लेकिन स्टेटमेंट देखकर लगता है कि इससे बात नहीं बनेगी। दरअसल, जब तक स्थायी सदस्य के रूप में चीन आतंक को सहारा देने वाले पाकिस्तान को बचाता रहेगा, तब तक किसी तरह के बदलाव की उम्मीद करना बेमानी है।

कमजोर भाषा: पहलगाम पर UNSC के बयान की भाषा बेहद कमजोर रही, 2019 के पुलवामा अटैक के बाद आए बयान से भी कमजोर। तब सभी देशों से भारत सरकार के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने का आह्वान किया गया था। इस बार की अपील सभी संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग करने की है। भारत सरकार शब्द होने से पाकिस्तान पर ज्यादा दबाव पड़ता। लेकिन, उसे बचाने के लिए एक बार फिर चीन आगे आ गया।

दोहरा रवैया: आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान सुधर नहीं सकता, अतीत ने कम से कम इतना तो सिखा दिया है, लेकिन चीन का रवैया भी कम सवालों के घेरे में नहीं। दुर्भाग्य से उसकी आतंकवाद को लेकर कोई एक नीति नहीं है। पाकिस्तान में जब चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तब चीन को उसमें आतंकवाद नजर आता है, लेकिन मौका मिलने पर वह मसूद अजहर जैसे आतंकियों को बचाने से गुरेज नहीं करता।

वीगर मुस्लिमों का मसला: ऐसा नहीं है कि चीन मुस्लिमों का रहनुमा है। उसने अपने शिनच्यांग प्रांत को दुनिया की सबसे बड़ी जेल में तब्दील कर रखा है। चीनी संस्कृति का ज्ञान देने के नाम पर वीगर मुस्लिमों को डिटेंशन कैंपों में रखा जाता है। इसके खिलाफ कई मानवाधिकार संगठन आवाज उठा चुके हैं, लेकिन चीन का कहना है कि उसकी लड़ाई आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ है। दुर्भाग्य से, बात जब भारत की आती है, तो आतंकवाद को लेकर पेइचिंग का नजरिया बदल जाता है।

कमजोर पड़ता पाकिस्तान: भारत-चीन के रिश्ते उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं और इसकी बुनियाद में सीमा विवाद है। पाकिस्तान को वह भारत को परेशान करने के टूल के रूप में इस्तेमाल करता आया है। हालांकि नई दिल्ली को अब इस बारे में स्पष्ट बात करनी चाहिए। एक तरफ कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होने जा रही है, जो रिश्तों में बेहतरी दिखाती है और दूसरी ओर पाकिस्तान का बचाव - चीन दोहरी चाल नहीं चल सकता। पहलगाम की तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान का प्रस्ताव बताता है कि वह कमजोर और अलग-थलग पड़ रहा है। भारत के पक्ष को दुनिया बेहतर ढंग से समझ रही है। यही बात चीन को भी समझानी होगी।

# वक्फ बिल पर नीतीश ने BJP का साथ क्यों दिया




अपनी छवि और राजनीति को करीने से साधने वाले नीतीश कुमार ने चुनावी साल में बोल्ड डिसीजन लिया है, जो चर्चा का विषय बन गया है। अब तक जानकारों का मानना था कि चुनावों के मद्देनजर JDU मुस्लिम वोटर्स को नाराज नहीं कर सकती, इसलिए वह ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ती, जहां उसे मुस्लिम वोटर्स को साधने की जरूरत महसूस होती है।

बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव हैं। 2023 की जातीय गणना के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में 17.7% मुस्लिम हैं। जिनका राज्य के करीब 47 सीटों पर प्रभाव है। ऐसे में नीतीश कुमार ने वक्फ बिल पर मोदी का साथ दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पार्टी अध्यक्ष ने अपने सांसदों को स्पष्ट संदेश दिया कि आप मुस्लिम वोटों की चिंता ना करें।

**सबसे पहले जानिए, भाजपा ने नीतीश को कैसे भरोसे में लिया**

बिल के मूल ड्राफ्ट में प्रावधान था कि नया कानून लागू होने के 6 महीने के अंदर एक सेंट्रल पोर्टल पर सभी वक्फ प्रॉपर्टीज का रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। 6 महीने बाद प्रॉपर्टी को लेकर कानून के तहत कोर्ट में कोई सुनवाई नहीं की जा सकेगी। JDU के सांसद दिलेश्वर कामत ने इस प्रावधान में संशोधन का सुझाव दिया था, जिसे JPC ने स्वीकार कर लिया। अब वक्फ ट्रिब्यूनल किसी वक्फ प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन की टाइमलाइन बढ़ा सकता है। इसके लिए प्रॉपर्टी के मुतवल्ली यानी केयरटेकर को ट्रिब्यूनल के सामने इसकी उचित वजह बतानी होगी। भाजपा की टॉप लीडरशिप ने बिल के एक-एक पॉइंट को क्लियर किया। शाह ने ललन सिंह और संजय झा के साथ मीटिंग की।

सूचना है कि गृह मंत्री अमित शाह ने अपने हाल के बिहार दौरे के दौरान नीतीश कुमार से बात की। उनको समझाया कि बिल गरीब और पसमांदा मुसलमानों के पक्ष में है। वो बिल पारित होने के बाद हमारे साथ आ सकते हैं।

**1. मुस्लिमों के लिए काम किया, लेकिन उन्होंने साथ नहीं दिया**

2013 में नीतीश कुमार ने नरेंद्र मोदी के विरोध में 17 साल पुराना NDA का गठबंधन तोड़ दिया। 2014 लोकसभा चुनाव उन्होंने अपने दम पर लड़ा। उन्हें उम्मीद थी कि अपने कोर वोट बैंक के अलावा मुस्लिमों का भी साथ मिलेगा, लेकिन ये उनका भ्रम साबित हुआ। उन्होंने 38 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे, लेकिन मात्र 2 सीट ही जीत सके। इनमें एक नालंदा और एक पूर्णिया की सीट थी। बाकी 36 सीटों पर उनकी हार हो गई।

JDU सूत्रों की मानें तो उसी साल से नीतीश कुमार का दिल टूट गया था। नीतीश कुमार ने वक्फ संशोधन बिल पर खुलकर सरकार को समर्थन करने की अपनी सहमति दे दी थी। उनका मानना था कि हम उनके लिए काम करते हैं, लेकिन वे हमारा सपोर्ट नहीं करते हैं।

जदयू के एक नेता ने दैनिक भास्कर को बताया कि पॉलिटिक्स करने के लिए कपड़ा जरूरी है न। ऐसे में जो पार्टी हमें पद और कद दोनों दे रही है, हम उनके एजेंडे का विरोध क्यों करें। इसलिए हमारे नेतृत्व ने इस बिल पर सपोर्ट देने का निर्णय लिया।

**2. JDU मान चुकी है उसे मुस्लिम वोट नहीं मिलने वाला**

JDU के एक बड़े नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि नीतीश कुमार ने 2005 से लेकर अब तक बहुत प्रयास किया कि उन्हें मुस्लिम वोट मिले। 2010 तक थोड़ा बहुत सपोर्ट मिला भी। इसके बाद मुस्लिम इनसे दूर होते चले गए।

ऐसे में अब JDU की टॉप लीडरशिप ने इस बात को स्वीकार कर लिया है कि बिहार में मुस्लिम वोट एकतरफा है। ये कुछ भी कर लें, बीजेपी से अलग हो जाएं, आरजेडी के साथ आ जाएं। इन्हें मुस्लिम वोट नहीं मिलने वाला है। ऐसे में इन्होंने बीजेपी को साथ देने का निर्णय लिया।

CSDS-लोकनीति के पोस्ट-पोल सर्वे 2020 के मुताबिक, RJD और कांग्रेस के महागठबंधन को 75% मुस्लिम वोट मिले थे। वहीं, BJP और JDU वाले NDA को 5% और चिराग पासवान की पार्टी LJP (रामविलास) को 2% मुस्लिम वोट मिले।

**3. कमजोर नीतीश को 2025 के लिए बीजेपी का साथ जरूरी**

2020 विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार की पार्टी तीसरे नंबर की बन गई थी। 2005 विधानसभा चुनाव के बाद ऐसा पहली बार हो रहा था जब नीतीश कुमार को बीजेपी से भी कम सीटें हासिल हुई थीं। इसके लिए सबसे बड़ा जिम्मेदार चिराग पासवान को माना गया।

2020 के चुनाव के बाद नीतीश कुमार भले सीएम बने रहे, लेकिन उन्हें दो बार पाला बदलना पड़ा। पहले बीजेपी का साथ छोड़कर वे राजद के साथ गए। इसके बाद दोबारा वे बीजेपी के साथ आए।

बिहार में अगले 6 महीने में विधानसभा का चुनाव होना है। नीतीश कुमार की सेहत पर पहले से ही सवाल उठ रहे हैं। जदयू को बिहार में अपनी स्थिति को मजबूत रखने के लिए एक पुराने और भरोसेमंद साथी की जरूरत है। ऐसे में बीजेपी से ज्यादा भरोसेमंद उनके लिए कोई और पार्टी नहीं हो सकती है।

**2015 के बाद से मुस्लिमों का नीतीश कुमार से मोहभंग**

बात 2024 लोकसभा चुनाव की है। नीतीश कुमार NDA की एक मीटिंग में शामिल थे। यहां सीएम को कहना पड़ा, 'मुसलमानों को जाकर बताइए, उनके लिए सरकार ने क्या-क्या काम किया है। RJD आ गई तो दंगा फसाद करेगी।'

इस बयान का संदेश साफ था। नीतीश कुमार भी ये मान चुके थे कि इस समाज का अब उनसे मोह भंग हो चुका है। 2024 के लोकसभा और 2020 के विधानसभा चुनाव के नतीजों में नीतीश कुमार की पार्टी के एक भी मुस्लिम कैंडिडेट जीतने में सफल नहीं हो पाए थे।

2015 विधानसभा चुनाव में आखिरी बार JDU से 5 मुस्लिम विधायक जीते थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में JDU के एक भी मुस्लिम सांसद नहीं जीत पाए थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में जदयू ने 11 मुस्लिम कैंडिडेट को मैदान में उतारा, लेकिन एक भी कैंडिडेट जीतने में सफल नहीं रहे। यही हाल 2024 के लोकसभा चुनाव में भी हुआ, जदयू के एक भी कैंडिडेट चुनाव नहीं जीत पाए।

**अब जानिए, नीतीश ने मुस्लिमों के लिए क्या किया**

JDU का दावा है कि 2005 में सत्ता में आने के बाद नीतीश कुमार ने मुस्लिमों की कई पुरानी डिमांड को एक-एक करके पूरा किया। पटना में हज भवन का निर्माण, अंजुमन इस्लामिया की मॉडर्न बिल्डिंग का निर्माण, मदरसा के शिक्षकों की सैलरी सरकारी स्कूल के शिक्षकों के बराबर करना, उर्दू शिक्षकों की बहाली, कब्रिस्तान की घेराबंदी या हर विधानसभा क्षेत्र में आवासीय स्कूल और छात्रावास का निर्माण, हायर एजुकेशन के लिए मुस्लिम छात्रों को स्कालरशिप जैसी कई योजनाएं 2005 से लेकर अब तक शुरू की गई हैं।

## कूटनीति

विवेक शुक्ला



# जंग हुई तो क्या चीन देगा पाक का साथ!

पहलगाम में 26 मासूम लोगों के कत्ल के बाद भारत-पाकिस्तान आमने-सामने हैं। क्या दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच जंग होगी? क्या जंग हुई तो चीन पाकिस्तान के साथ खड़ा होगा? इन सवालों पर समर नीति और कूटनीति के जानकार आजकल माथापच्ची कर रहे हैं। अगर बात कारगिल जंग ( 1999) की करें तो तब चीन ने पाकिस्तान का खुलकर या प्रत्यक्ष रूप से सैन्य या राजनयिक समर्थन नहीं किया था। भले ही चीन और पाकिस्तान के बीच गहरे रणनीतिक संबंध हैं, जिन्हें अक्सर सदाबहार दोस्ती कहा जाता है। पाकिस्तान के नेता हर संकट के वक्त बीजिंग पहुंच जाते हैं कटोरा लेकर। दरअसल कारगिल संघर्ष के दौरान चीन की प्रतिक्रिया काफी सधी हुई थी। चीन ने तब आधिकारिक तौर पर भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने और बातचीत के माध्यम से मुद्दे को हल करने का आग्रह किया। यानी चीन उस समय पाकिस्तान के साथ खड़ा नहीं हुआ था। चीन ने नियंत्रण रेखा का सम्मान करने का दोनों पक्षों से आग्रह किया था। यह परोक्ष रूप से पाकिस्तान की आलोचना थी, क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा का उल्लंघन करके भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की थी। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के चीनी विभाग के अध्यक्ष प्रो. तान चुंग का कहना था कि चीन बहुत प्रेक्टिल देश है। वह बहुत सोच-समझकर ही खुलकर किसी देश के साथ खड़ा होता है। जानकारों का कहना है कि जब कारगिल युद्ध के समय तत्कालीन पाकिस्तानी सेना प्रमुख परवेज़ मुशर्रफ़ समर्थन मांगने चीन गए, तो चीनी नेतृत्व ने उन्हें पीछे हटने और मामले को शांतिपूर्वक सुलझाने की सलाह दी। चीन इस संघर्ष को बढ़ते हुए नहीं देखना चाहता था। चीन का मत था कि दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध रहने चाहिए। दरअसल, तब चीन ने पाकिस्तान की कार्रवाई की सार्वजनिक रूप से निंदा नहीं की थी, पर उसने पाकिस्तान की कारगिल में सैन्य घुसपैठ का समर्थन भी नहीं किया था। 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में चीन ने पाकिस्तान का समर्थन जरूर किया था, लेकिन 'खुलकर साथ' होने की व्याख्या थोड़ी जटिल है और दोनों युद्धों में उसकी भूमिका थोड़ी अलग थी। चीन ने 1965 की जंग के वक्त भारत की कड़ी आलोचना की और पाकिस्तान को अपना पूर्ण राजनयिक समर्थन दिया। चीन ने भारत पर सिक्किम सीमा पर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए सैन्य कार्रवाई की धमकी दी। उसने सीमा के पास अपनी सेना की कुछ गतिविधियां भी बढ़ाईं, जिससे भारत पर दूसरा मोर्चा खुलने का दबाव बना। यह पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण नैतिक और रणनीतिक समर्थन था। हालांकि चीन ने धमकियां दीं और दबाव बनाया, लेकिन उसने भारत के खिलाफ सीधे तौर पर कोई बड़ी सैन्य कार्रवाई नहीं की। उसका समर्थन मुख्यतः राजनयिक और मनोवैज्ञानिक दबाव तक ही सीमित रहा। वह सीधे युद्ध में शामिल नहीं हुआ। चीन ने 1971 में भी पाकिस्तान का राजनयिक समर्थन जारी रखा और भारत के हस्तक्षेप की आलोचना की, खासकर संयुक्त राष्ट्र में। हालांकि 1971 में चीन का दबाव काफी कम था। कूटनीति मामलों के जानकार इसके कई कारण बताते हैं। भारत-सोवियत संधि (1971) ने चीन को हतोत्साहित किया, क्योंकि भारत पर हमले की स्थिति में सोवियत संघ के हस्तक्षेप की संभावना थी। चीन उस समय सोवियत संघ के साथ तनावपूर्ण संबंध रखता था। इसके साथ ही सर्दियों में हिमालय के दुर्गम दर्रों से बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई करना चीन के लिए बहुत मुश्किल था। मतलब चीन ने 1971 में भी कोई सीधा सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया। एक बात समझ लें कि भले ही भारत-चीन के बीच सीमा विवाद है, पर चीन को मालूम है कि भारत उसके उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार है। यह बात उसे आजकल खासतौर पर समझ आ रही होगी क्योंकि अमेरिका उस पर भारी-भरकम टैरिफ लगा रहा है। फिलहाल भारत-चीन के बीच सालाना आपसी व्यापार 125 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। समझ लें कि भारत-चीन ने तय कर लिया है कि इनका जटिल सीमा विवाद का कोई हल निकले या ना निकले, पर ये अपने आपसी कारोबारी संबंधों को प्रभावित नहीं होने देंगे। हमारा चीन के साथ कुछ साल पहले तक व्यापार घाटा 29 अरब रुपए तक का हो गया था। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला भी मानते हैं कि इस व्यापार घाटे को संतुलित करने की जरूरत है। पर फिलहाल सबकी निगाहें इस बात पर है कि भारत-पाक के बीच जंग वाली स्थिति बनी तो चीन किसका साथ देगा। तो जान लें कि चीन युद्ध की स्थिति में पाक का खुलकर साथ नहीं देगा।

*(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो




संकलित

**दर्शन**

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

## योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता




संकलित

**प्रेरणा**

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### सबसे पहले इन दुष्ट दानवों की लगाम कसी जाए

पहलगाम में आतंकियों के इस अत्यंत ही जघन्य, कायरतापूर्ण हमले के बाद सारे भारत में दुख, पीड़ा और आक्रोश की लहर फैल चुकी है। दुनिया भलीभांति जानती है कि भारत विश्वशांति का सबसे बड़ा समर्थक और संरक्षक रहा है, लेकिन आतंकवाद और उग्रवाद का जनक पाकिस्तान अगर ऐसे कायरता के दुषकार्य करता रहेगा, तो भारत सहित दुनिया के लगभग सभी देशों द्वारा पाकिस्तान के नेताओं, उग्रवादियों को कड़ा सबक सिखाकर स्थाई समाधान करना अनिवार्य हो जाता है। स्वयं और समस्त संसार की रक्षा और सुरक्षा करना भी हम सभी का परम कर्तव्य है। मानवता और विश्वशांति को धता बताने वाले इन पाकिस्तानी दुष्टो, दानवों को तुरंत ही धर दबोच कर कठोर दंड दिया जाए।

*- विनय दीक्षित, रायगढ़*

## ट्रेंड

### मार्क जे कार्नी को बधाई



मार्क जे कार्नी को कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में चुनने और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। हमारी साझेदारी के लिए आपके साथ काम करने को उत्सुक हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अश्रुपूर्ण नमन



लेह-लद्दाख में वीरगति को प्राप्त हुए हरियाणा के लाल नवीन श्योराण को अश्रुपूर्ण नमन। प्रभु से दिवंगत आत्मा को शांति व शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। दुःख की घड़ी में हम उनके परिजनों के साथ खड़े हैं।

-नायब सैनी, सीएम, हरियाणा

### वैभव का निडर दृष्टिकोण



वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्लेबाजी की गति और अपनी पूरी शक्ति गेंद पर लगा देना उनकी शानदार पारी का नुस्खा था। इसका परिणाम यह था कि वह 38 गेंद पर 101 रन बनाने में सफल रहे।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### मुझे चुनने के लिए धन्यवाद



मुझे जो सम्मान दिया गया है, मैं उसे अपने राष्ट्र की भलाई के लिए काम करते रहने की जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करता हूँ और मैं भारत सरकार को इस सम्मान के लिए मुझे चुनने के लिए धन्यवाद देता हूँ।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### श्रीलंका में बुद्ध के दांत के अवशेष की प्रदर्शनी संपन्न



भगवान बुद्ध के दांत के अवशेष की दुर्लभ प्रदर्शनी श्रीलंका के कैंडी शहर में संपन्न हुई। आधिकारिक बयान से यह जानकारी मिली। यह प्रदर्शनी 18 अप्रैल को शुरू हुई और रविवार को समाप्त हुई। मुख्य बौद्ध भिक्षुओं ने एक संयुक्त बयान में कहा कि प्रदर्शनी देखने के लिए रिकार्ड संख्या में लोग एकत्र हुए। 2.1 करोड़ आबादी वाले देश में 74 प्रतिशत सिंहली बौद्ध बहुसंख्यकों के लिए बुद्ध के दांत के अवशेष का विशेष आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। हजारों बौद्ध श्रद्धालुओं ने 10 दिन की इस प्रदर्शनी में हिस्सा लिया जो 2009 के बाद से इस तरह का पहला आयोजन था। आयोजकों का अनुमान था कि करीब 20 लाख श्रद्धालु इसमें भाग लेंगे। हालांकि अधिकारियों का मानना है कि अनुमानित संख्या के आधे से भी कम लोग इसमें शामिल हुए क्योंकि अधिकारियों ने इतनी बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने में असमर्थता जताते हुए लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी। कैंडी की नगर आयुक्त इंडिका कुमारी ने संवाददाताओं से कहा, 'हमें खुशी है कि यह कार्यक्रम सम्पन्न हो गया है। लेकिन हमारे पास कैंडी में बनाए गए विभिन्न अस्थायी ढांचों को हटाने का बड़ा काम रह गया है।'

## ऑफ बीट

### खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद



जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले (जिनका आहार अक्सर समुचित नहीं होता है), के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3.4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है।

रॉयल पत्रिका

# 'हर घर-हर खेत' बिजली राज्य सरकार की प्राथमिकता




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हर घर-हर खेत बिजली निर्बाध रूप से उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सरकार प्रदेश के किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध करवाने एवं औद्योगिक क्षेत्र के लिए सुचारू बिजली उपलब्ध करवाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विदुत उत्पादन से लेकर प्रसारण एवं वितरण तंत्र का दूरदर्शिता के साथ सुदृढ़ीकरण किया जाए।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पीक डिमांड अवधि में विदुत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखा जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**विदुत उत्पादन की सभी यूनिट्स का संचालन हो सुनिश्चित-**

शर्मा ने बिजली उपलब्धता एवं मांग की समीक्षा करते हुए कहा कि रबी सीजन के दौरान किसानों को एवं फरवरी से अब तक की पीक डिमांड पर उपभोक्ताओं को राज्य सरकार ने निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की है। उन्होंने विदुत उत्पादन की सभी यूनिट्स के संचालन को सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य की मांग को देखते हुए उत्पादन के वैकल्पिक स्रोत तैयार किए जाएं।

**विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के कार्यों में लाएं गति -**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर हाल में किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार के अनुरोध पर पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 5 हजार मेगावाट का अतिरिक्त आवंटन किया। उन्होंने इस संबंध में जीएसएस से स्थापित किए जाने वाले विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा संयंत्र के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने बैटरी स्टोरेज सिस्टम को भी लागू किया जाए के संबंध में निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं को पर्याप्त विदुत आपूर्ति के लिए उत्पादन इकाइयों एवं प्रसारण तंत्रों का उचित रख-रखाव किया जाना आवश्यक है। उन्होंने ट्रांसफार्मर्स की मरम्मत, देखभाल एवं उपयोग संबंधी प्रक्रिया में सुधार करते हुए समुचित प्रावधान किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में वित्त विभाग तथा राजस्थान राज्य विदुत उत्पादन, प्रसारण व वितरण निगमों सहित ऊर्जा विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# हज का मुकद्दस सफर शुरू

**-जयपुर से रवाना हुआ हाजियों का पहला काफिला, व्यवस्थाओं में दिखी कमी**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। हज का पवित्र सफर शुरू हो गया है, जो 8 मई तक जारी रहेगा। इसी क्रम में आज जयपुर के सांगानेर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 से मक्का-मदीना के लिए पहली फ्लाइट ने उड़ान भरी। इस पहली उड़ान में करीब 164 हाजियों का काफिला शामिल रहा, जो हज की अदायगी के लिए रवाना हुए।

हाजियों के एयरपोर्ट पर पहुंचने पर उन्हें अलविदा कहती भीड़, ने हाथ हिलाते हुए विदा किया।

इस बार हज के सफर को लेकर व्यवस्थाओं में पहले की तुलना में कुछ कमी देखने को मिली। हाजियों की सेवा के लिए हर साल बड़ी संख्या में वालंटियर्स तैनात किए जाते हैं, लेकिन इस बार उनकी संख्या कम रही।

किसी हाजी या उनके परिजन से: "पहले हमें व्हीलचेयर दी जाती थी, लेकिन आज एक बुजुर्ग को खुद चलकर अंदर जाना पड़ा। कोई मदद नहीं मिली।"

वालंटियर से: "इस बार कम वालंटियर्स को बुलाया गया है, और समन्वय की भी कमी रही।"

सूत्रों के अनुसार, इस अव्यवस्था के पीछे सबसे बड़ा कारण राजस्थान राज्य हज कमेटी की अधूरी संरचना है। न तो कमेटी के चेयरमैन हैं, और न ही सदस्यों की तैनाती हुई है। इससे कार्यों में समन्वय की कमी साफ झलक रही है।

भीड़ में हाजियों को संभालते सीमित वालंटियर्स,

अब बड़ा सवाल ये उठता है कि आखिर राज्य सरकार हज कमेटी को कब देगा नया चेयरमैन और सदस्य? ताकि आने वाले दिनों में हाजियों को बेहतर सुविधा और सेवा मिल सके।

फिलहाल, हज का मुकद्दस सफर जारी है और हाजियों की दुआओं के साथ व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद भी जुड़ी हुई है।

# अक्षय तृतीया पर सैनी समाज का चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

**-एक साथ बजी शहनाइयां, 18 जोड़ों ने लिए सात फेरे**




मनोहरपुर, (रॉयल पत्रिका)। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सैनी समाज की ओर से त्रिवेणी धाम स्थित सैनी धर्मशाला परिसर में बुधवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। जय फुले विकास जन सेवा समिति के तत्वावधान में हुए इस आयोजन में 18 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए और परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम की शुरुआत 17 दूल्हों की सामूहिक निकासी और बारात से हुई, जिसने समारोह को एक उत्सव का रूप दे दिया। सजे-धजे दूल्हों की पारंपरिक वेशभूषा और बैंड-बाजे के साथ निकली बारात ने हर किसी का ध्यान खींचा। समारोह में परमानंद धाम के हरी ओम दास जी महाराज, शाहपुरा विधायक मनीष यादव, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, यूपीएससी चयनित प्रज्ञा सैनी, पूर्व चेयरमैन बद्रीप्रसाद सैनी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी, और नगर परिषद सभापति बंशीधर सैनी, सैनी समाज प्रदेश अध्यक्ष गुड् सैनी, एडवोकेट मुकेश सैनी सहित समाज के कई गणमान्यजन मौजूद रहे। सभी ने वर - वधुओं को आशीर्वाद दिया और समाज की इस अनुकरणीय पहल की सराहना की। समारोह का आयोजन जय फुले विकास जन सेवा समिति के अध्यक्ष साधुराम सैनी की अगुवाई में हुआ। शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने कहा कि सामुहिक विवाह से गरीब परिवारों को राहत मिलती है और दहेज जैसी कुप्रथा पर अंकुल लगता है। विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि ऐसे आयोजनों को समाज की सोच में बदलाव के लिए काफी अहम बताया। उन्होंने कहा सामूहिक विवाह सिर्फ एक विवाह का आयोजन भर नहीं है, अपितु इसके प्रभाव और समाज हित में लाभ बड़े दूरगामी हैं। किसी कमजोर, जरूरतमंद या असहाय परिवार की कन्या का विवाह कराने से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है।

हरिओमदास जी महाराज ने कहा कि जय फुले जन सेवा समिति जैसी संस्थाएं सामूहिक विवाह जैसे सामाजिक पुण्य कार्य में अपनी सराहनीय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह का बढ़ता प्रचलन समाज के भले के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

इससे समय की बर्बादी, दान-दहेज और फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों से भी समाज को मुक्ति मिल सकती है।

समिति अध्यक्ष साधुराम सैनी ने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजनों से सामाजिक समरसता, आर्थिक सहयोग और संस्कारों का आदान-प्रदान होता है। समाज की एकता और प्रगति का यह प्रतीक है।

कार्यक्रम के सफल संचालन में संगठन मंत्री भवानी शंकर माली ओर प्रदेश महामंत्री ताराचंद गहलोत समेत समिति के कई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस धूमधाम से मनाया गया, झंडारोहण किया

**-20,मई को राष्ट्रीय हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया**




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्य-कार्यालय, मजदूर-किसान भवन हटवाड़ा रोड, जयपुर में आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के राज्य- सचिव का. किशन पारीक ने पार्टी का झंडा फहराया।

इस अवसर पर आयोजित सभा को सीपीआई (एम) के वरिष्ठ नेता का.वासुदेव, का.रवीन्द्र शुक्ला, का.किशन पारीक, का.सुमित्रा चोपड़ा और सीपीआई(एम) जयपुर जिला सचिव डॉ. संजय "माधव" ने सम्बोधित किया और मई दिवस के अवसर पर शिकागो के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए का.वासुदेव ने मई-दिवस का इतिहास बताया।

सन् 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में 8 घंटे के काम की मांग को लेकर मज़दूरों द्वारा किए गए जुझारू संघर्ष, पुलिस दमन और मजदूरों की अनगिनत शहादतों और कुर्बानियों के बल पर हासिल किये गये अधिकारों पर हो हमलों के बारे में बताया। शहीदों की शहादत और कुर्बानियों को याद करते हुये संघर्षों को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

कॉ.रविन्द्र शुक्ला ने सभा में बात रखते हुये कहा कि आज केन्द्र और राज्य में सत्ता पर क़ाबिज़ घोर मजदूर-किसान विरोधी भाजपा-आरएसएस सरकार देश के मजदूरों द्वारा अनेक संघर्षों और कुर्बानियों से हासिल किए गए श्रम अधिकारों को समाप्त करने पर आमादा है। साथ ही भाजपा-आरएसएस सरकार देश की जनता में सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाकर मजदूरों, किसानों और आम जनता के बुनियादी समस्याओं से ध्यान हटाकर जनांदोलनों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। केन्द्र सरकार की इन जन विरोधी नीतियों के ख़िलाफ़ सभी केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों ने 20- मई 2025 को राष्ट्रीय हड़ताल का ऐलान किया है। उन्होंने हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया।

का.किशन पारीक ने कहा कि केन्द्र की घोर कार्पोरेटपरस्त मोदी सरकार अपने देशी-विदेशी कार्पोरेट आकाओं के मुनाफों को बेतहाशा बढ़ाने के लिए काम कर रही है और हिन्दत्ववादी-कार्पोरेट साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के बल पर आम जनता की एकता को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास कर रही है।

आमसभा का संबोधित करते हुये सीपीआई (एम) के जिला सचिव डॉ.संजय "माधव" ने मई दिवस के इस अवसर पर सभी साथियों से 20- मई को होने जा रही राष्ट्रीय हड़ताल को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए कमर कस लेने और भाजपा-आरएसएस की घोर जन-विरोधी नीतियों के ख़िलाफ़ व्यापक जनप्रतिरोध खड़ा करते हुये इस साम्प्रदायिक कार्पोरेटपरस्त मोदी-सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

आज के इस कार्यक्रम में सीपीआई (एम) के राज्य सचिव मंडल के का.सुमित्रा चोपड़ा सहित अनेक मजदूर , युवा, महिला साथियों ने भाग लिया।

अंत में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस जिंदाबाद, शिकागो के अमर शहीदों को लाल सलाम, साम्राज्यवाद मुर्दाबाद, पूंजीवाद का नाश हो, सांप्रदायिक ताकतें मुर्दाबाद, समाजवाद जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद, सीपीआई (एम) जिंदाबाद, मजदूर-किसान एकता जिंदाबाद, मजदूर-किसान-आम जनता की एकता जिंदाबाद के गगनभेदी नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

सीपीआई(एम) के राज्य कार्यालय के अलावा जयपुर में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों विश्वकर्मा , झोटवाड़ा,मालवीय नगर, बिंदायका , बगरू, मानसरोवर, सराय बावड़ी निर्माण मजदूर यूनियन, लाल कोठी सब्जी मंडी, ज्योति नगर सब्जी मंडी, सीटू कार्यालय ,आरएमएसआरयू के राज्य कार्यालय आदि स्थानों पर मई-दिवस धूमधाम से मनाया गया ।

## क़्फ़ संशोधनों के ख़िलाफ़ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का बत्ती गुल का कार्यक्रम सम्पन्न



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड संसद द्वारा पारित वक़्फ़ संशोधनों के ख़िलाफ़ पूरे भारत में 10 अप्रेल 2025 से 7 जूलाई 2025 तक कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसकी एक कड़ी 30 अप्रेल 2025 को रात 9 बजे से 9:15 बजे तक बत्ती गुल करके शांति पूर्वक विरोधा करना था। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अपील पर चलाया गया "बत्ती गुल" कार्यक्रम पूरे प्रदेश में अत्यन्त सफल रहा। प्रदेशभर से इस संबंध में उत्साहजनक ख़बरें आ रही है। ना सिर्फ़ मुस्लिम इलाक़ों में घरों, दुकानों, फैक्ट्रियों, बाज़ारों और व्यापारिक स्थानों पर 15 मिनट का ब्लैकआउट रहा, बल्कि अन्य धर्मों के हमारे भाइयों-बहनों ने भी इसमें शामिल होकर एकता और भाइचारे का संदेश दिया।

मुस्लिम समुदाय व अन्य धर्मों के सभी संगठनों व जमाअतों और ने साझा रूप से इस कार्यक्रम में पूरे मन से इसमें भाग लेकर इसे सफ़ल बनाया और एकता का संदेश दिया और यह बता दिया कि जब एकता, न्याय व अधिकार की बात हो तो सभी साथ खड़े हैं।

इस बत्ती गुल प्रदर्शन के कार्यक्रम ने केन्द्र सरकार को स्पष्ठ संदेश दिया है कि सरकार अब भी अपनी ग़लती माने, वक़्फ़ बिल में किए गए सभी संशोधनों को वापस ले जो काले क़ानून की तरह हैं, समाज को बांटने वाले हैं संविधान की मूल अधिकारों व भावनाओं के ख़िलाफ़ हैं।

## सिंधी समाज का सामूहिक विवाह समारोह

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थातन विधान सभा अध्यनक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को प्रताप नगर, जयपुर में स्वाकमी लीला शाह सेवा समिति द्वारा आयोजित अठारहवें सामूहिक विवाह समारोह में पांच जोडों को आशीर्वाद और उपहार प्रदान किये। देवनानी ने कहा कि सामूहिक विवाह सराहनीय कार्य है। इससे दहेज प्रथा जैसी कुरुतियों पर रोक लगती है। समाज के लोगों को ऐसे पुण्यवादी कार्य में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंतने कहा कि मानव जीवन के 16 संस्काारों में विवाह भी एक संस्कााार है।

इस अवसर पर देवनानी ने नवविवाहित युगलों को उनके उज्ज्वी ल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। देवनानी ने कहा कि संत लीला शाह ने समाज को नई दिशा दी। लोगों को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए। उन्होंलने कहा कि परोपकार के कार्य करने से जीवन सफल होता है। इस अवसर पर रवि नैयर, सूरज खत्री सहित समाज के गणमान्यज नागरिक और नव विवाहित युगलों के परिजन मौजूद थे।

# 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करने में एडीबी महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार- भजनलाल शर्मा



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया है कि प्रदेश को वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारी निर्वाह करेगा। उन्होंने शहरी विकास और सड़क विनिर्माण के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी एडीबी के साथ साझेदारी बढ़ाए जाने पर बल देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के क्रम में 2047 तक विकसित राजस्थान बनाने के लिए एडीबी का सहयोग महत्वपूर्ण रहेगा।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को एडीबी के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल के साथ प्रदेश के सड़क तंत्र के उन्नयन, बुनियादी ढांचे के विकास सहित विभिन्न विषयों एवं संभावित निवेश पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समावेशी, टिकाऊ और नवाचार से प्रेरित विकास की हमारी साझा प्राथमिकताओं में एडीबी का हमेशा से ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि एडीबी के राजस्थान के साथ मिलकर कार्य करने से रणनीतिक साझेदारी के साथ-साथ रोजगार के अवसरों को गति मिलेगी, जलवायु के अनुकूल हरित-विकास को प्रोत्साहन मिलेगा और सामाजिक व आर्थिक समावेशी विकास के अधिक अवसर सृजित होंगे।

शर्मा ने कहा कि वर्तमान में राज्य के शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए आरयूआईडीपी परियोजना एवं सड़क क्षेत्र के उन्नयन के लिए राजस्थान हाईवे इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम के माध्यम से एडीबी सहयोग कर रहा है और आगे भी एडीबी के निरंतर सकारात्मक सहयोग, तकनीकी विशेषज्ञता और विकास के व्यापक अनुभव का लाभ प्रदेश को मिलता रहेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पेयजल एवं सिंचाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सभी संभव कदम उठाने के राज्य सरकार के संकल्प को अभिव्यक्त किया एवं एडीबी ने इस दिशा में सहयोग की पेशकश की।

प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में जनसंख्या के बढ़ते दबाव को देखते हुए आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं जैसे सीवरेज, ड्रनेज, पार्क, लोक परिवहन हेतु कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान आदि हेतु बजट में घोषित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना में सहयोग के लिए एडीबी ने पूर्ण प्रतिबद्धता दर्शायी। साथ ही, मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के राज्य सरकार के संकल्प में भी एडीबी साझेदार रहेगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए राजमार्ग विकास परियोजनाओं में भी एडीबी की भागीदारी रहेगी।

बैठक में जयपुर मेट्रो फेज-2 के लिए तकनीकी-वित्तीय सहयोग के क्षेत्र में काम करने हेतु भी सहमति बनी।

बैठक में कंट्री डायरेक्टर सुश्री ओका ने देश में ग्रीन बजट लाने की राजस्थान की अभिनव पहल की प्रंशसा करते हुए जैव विविधता, ग्रीन फाईनेंस, ग्रीन-ऑडिट, क्लीन टेक्नोलोजी के क्षेत्रों में एडीबी के सहयोग का प्रस्ताव किया। साथ ही, रोजगार, कौशल विकास, सूक्ष्म-सिंचाई, वानिकी व पर्यावरण जैसे नवीन क्षेत्रों के वित्त-पोषण हेतु एडीबी अधिकारियों ने रूचि प्रदर्शित की।

राज्य सरकार के विशेष प्रयासों के चलते लम्बे समय बाद इस तरह के शीर्ष प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान का दौरा किया है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, नगरीय विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चार बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-14 में ग्राम चक शिवदासपुरा, पदमपुरा में करीब 07 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इसी जोन में निजी खातेदारी की करीब 04 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन पालड़ी मीना में सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। ग्राम रोपाड़ा गोविन्दपुरा में करीब 10 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम चक शिवदासपुरा, पदमपुरा, जिला जयपुर में करीब 07 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल बनाकर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयोजनार्थ कब्जें-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 11 करोड़ रूपये है। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम शिवदासपुरा, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जेडीए द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ईकोलोजिकल जोन ग्राम पालड़ी मीना, जिला जयपुर में करीब 400 मीटर एरिया नाले की सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से ईटों की चारदीवारी, बाउण्ड्रीवाल, लोहे का गेट, टीनशेड़नुमा कोटडी व अन्य अवैध निर्माण कब्जें-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर नाले की सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम रोपाड़ा, गोविन्दपुरा, जिला जयपुर में करीब 10 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बाउण्ड्रीवाल, टीनशेड़नुमा कोठड़ी बनाकर, लोहे के ऐंगल गाड़कर, तारबंदी कर व अन्य अवैध निर्माण कब्जें-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ रूपये है।

उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-चतुर्थ, द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-14, 10 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 817 बीघा सरकारी भूमि व वर्ष 2025 में 378 बीघा आज तक कुल 1195 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है व वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 128 आज तक कुल 511 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

# हजरत बाबा मिर्ज़ा रहमतुल्ला आलेह का उर्स 2 मई से



मनोहरपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर जिले के ग्राम अमरसर के पठानों के बास में स्तिथ हिन्द मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत बाबा मिर्ज़ा रहमतुल्ला आलेह का हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सालाना उर्स मेले का आयोजन 2 मई शुक्रवार को मिलाद शरीफ से शुरू होगा जो कि दिनांक 3 मई शनिवार को कूल की रस्म के साथ मे सम्पन होगा।

दरगाह के ख़ादिम मोहम्मद इरफान अली व इमरान अली ने बताया कि उर्स मेले की शुरुआत 2 मई शुक्रवार की ईशा में मिलाद शरीफ़ से होगी इसी प्रकार 3 मई शनिवार को शाम 5 बजे बाद में चद्दर पेश की जाएगी।

रात्रि 9 बजे बाद में राजस्थान प्रदेश की मशहुर कव्वाल पार्टियों द्वारा बाबा की मान मनुहार की जाएगी। इसी प्रकार 4 अप्रेल रविवार की सुबह 5 बजे बाद में कूल की रस्म के साथ ही उर्स मेले का समापन होगा इसके बाद में सराहनीय कार्य करने वाले पत्रकार समाजसेवी पीर आदि की दस्तारबंदी की जाएगी महफ़िल ए शमा में जुबेर नईम अजमेरी भाग लेंगे और मिर्जा बाबा की मान मनुहार करेंगे।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# जातिगत जनगणना कांग्रेस नीति की जीत: जोन्टी बीरवाल



कोटा, (रॉयल पत्रिका)। जातिगत जनगणना के मुद्दे ने एक बार फिर देश की राजनीति को केंद्र में ला दिया है। कांग्रेस पार्टी ने इस कदम को अपनी वर्षों पुरानी नीति की जीत बताया है। पार्टी नेताओं का मानना है कि यह केवल आंकड़ों की नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में निर्णायक पहल है।

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जोगेन्द्र बीरवाल जोन्टी ने कहा कि, "जातिगत जनगणना कांग्रेस की नीति की जीत है। हमने वर्षों से इस मुद्दे को उठाया और आज जब देश इसे स्वीकार कर रहा है, तो यह हमारे संघर्ष की सफलता है।"

जोन्टी बीरवाल ने आगे कहा की "यह गिनती सिर्फ जातियों की नहीं, बल्कि हक की है। जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति की पहचान नहीं होगी, तब तक उसे उसका अधिकार नहीं मिल सकता।

कांग्रेस का लक्ष्य है – हर वंचित को न्याय, हर गरीब को अधिकार।"

जोन्टी बीरवाल ने राहुल गांधी की पहल का समर्थन करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को राष्ट्रीय मुद्दा बनाया और साहस के साथ इसे संसद से सड़क तक उठाया। "राहुल जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी सच्चे अर्थों में सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष कर रही है।"

भाजपा ने जहां इसे "विभाजनकारी राजनीति" कहा है, वहीं कांग्रेस का कहना है कि यह "समावेशी विकास" का आधार है। पार्टी का नारा – "जितनी आबादी, उतना हक़" – अब देशभर में गूंज रहा है।

# सहायक निदेशक वीर सेन ने सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में संभाला कार्यभार

## -जनसंपर्क सेवा के अनुभवी अधिकारी, प्रचार-प्रसार को बताया प्राथमिकता

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, सवाई माधोपुर में सहायक निदेशक वीर सेन ने गुरुवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। वे जयपुर से स्थानांतरित होकर यहां पदस्थापित हुए हैं। इससे पूर्व उन्होंने निर्वाचन विभाग, जनसम्पर्क मुख्यालय और मुख्यमंत्री कार्यालय में सेवाएं दी हैं। उन्होंने जिला कलक्टर शुभम चौधरी से मुलाकात की।



इस अवसर पर सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र कुमार मीणा, वरिष्ठ सहायक किरोड़ी लाल मीणा द्वारा उन्हें औपचारिक रूप से साफा बांधा और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात सहायक निदेशक ने विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों से परिचय कर कार्यालय के विभागीय कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी एवं सूचनाओं का प्रभावी व्यापक प्रचार-प्रसार उनकी प्राथमिकता रहेगी, जिससे आमजन तक सूचनाएं सहजता से पहुंच सकें।

# पंचायती राज मंत्री दिलावर ने ली समीक्षा बैठक दिये आवश्यक निर्देश

पाली, (रॉयल पत्रिका)। शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को जिला परिषद सभागार में पंचायती राज विभाग व शिक्षा विभाग की कार्य योजनाओं की प्रगति की जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली।




बैठक में शिक्षा मंत्री दिलावर ने अधिकारियों से कहा कि वे प्रदेश जिले व ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ बनाये व नियमित रूप से साफ-सफाई हो क्योंकि जहां गंदगी होती है वहां बीमारियों का प्रकोप अधिक होता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे फील्ड में भ्रमण करें और कर्तव्यनिष्ठता से कार्य कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें ।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि प्रदेश स्वच्छता में देश में नंबर वन बनें। इसके लिए हम सभी मिलकर प्रयास करें कि हमारा प्रदेश साफ सुथरा हो। बैठक में उन्होंने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों के प्रगति के बारे में जानकारी ली।

बैठक में उन्होंने जिला, ब्लॉकवार, विभागवार कार्यों व प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये, साथ ही स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में साफ सफाई, गांव के पानी की निकासी कचरा निस्तारण कचरा संग्रहण, वाटरशेड एमजेएसए 2.0 कार्यों, स्वामित्व योजना, विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु आवास विहीन व्यक्तियों को सर्वे कर भूखंड व पट्टा आवंटन के बारे में जानकारी ली, गत समय में कितना किया गया और अब कितना बाकी है की जानकारी लेकर आने वाले समय में वितरण के बारे में बताया। बैठक में पिंक टायलेट, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, पॉलीथीन का उपयोग रोकने के लिये, आने वाले समय में पौधारोपण के बारे में विस्तार से चर्चा कर जानकारी ली व आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बर्तन बैंक योजना में राजीविका के माध्यम से जरूरतमन्द को लाभान्वित करने के बारे में निर्देश दिये। इसके साथ ही मनरेगा कार्य, एमएलए लेड में शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री आवास, अन्नपूर्णा रसोई योजना आदि की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला प्रमुख रश्मि सिंह भी मौजूद रही।

बैठक में जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने जिले की विभिन्न योजनाओं के कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी मुकेश चौधरी ने ग्रामीण विकास विभाग के कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र राणावत, पाली प्रधान मोहिनी देवी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेन्द्र सिंह, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी राहुल पुरोहित, शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त विकास अधिकारी, कर्मचारी सुनील भंडारी मौजूद रहे। पंचायती राज व शिक्षा मंत्री ने इससे पहले ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया व निरीक्षण किया। साथ ही लाम्बिया गांव में भामाशाह द्वारा वाल्मिकी समाज के 11 जोड़ो के सामूहिक विवाह में वर-वधू को आर्शीवाद दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित हुए विधिक जागरूकता कार्यक्रम

पाली, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली सचिव विक्रम सिंह भाटी के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय के अधिकार मित्र मांगीलाल तंवर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में कोठारी फैब्रिक्स, मण्डिया रोड पाली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली सचिव विक्रम सिंह भाटी ने बताया कि जिसमें अधिकार मित्र द्वारा दिवस के महत्व को समझाते हुए बताया कि यह दिन मजदूरों व श्रमिकों की उपलब्धियों का सम्मान करने तथा मजदूरों को संगठित कर आपसी एकता मजबूत करने के लिए और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए हैं। तंवर द्वारा उक्त दिवस के उपलक्ष में नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना, 2015 के बारे में बताया, उद्योगों और कार्यालयों में श्रमिकों के अधिकार, रोजगार के अधिकार, असंगठित मजदूरों से तात्पर्य, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम आदि की जानकारी देते हुए कार्यस्थल सुरक्षा और श्रम कानूनों के प्रति मजदूरों को जागरूक किया।

इसके अतिरिक्त विभिन्न तालुका क्षेत्रों में तथा जिला मुख्यालय के अधिकार मित्रों द्वारा विभिन्न कार्यस्थलों, नरेगा स्थलों आदि जगहों पर उक्त दिवस के उपलक्ष में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए,

जिसमें उक्त दिवस के महत्व को बताते हुए मजदूरों के अधिकारों, विधिक सेवा प्राधिकरण के आयाम, नालसा व रालसा द्वारा जारी विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम, नालसा हेल्पलाइन नंबर, नालसा पोर्टल, पॉश एक्ट, शी-बॉक्स पोर्टल, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, बाल विवाह के दुष्परिणाम, आदि के संबंध में जागरूक किया तथा जागरूकता से संबंधित पैम्पलेट्स वितरित किए गए।

# स्काउट गाईड संगठन ने किया भीषण गर्मी में पेयजल का शुभारंभ

शब्बीर हुसैन

बारां, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाईड बारां के तत्वावधान में मृदुल भवन कोटा रोड बारां के बाहर पर अक्षय तृतीया के अवसर पर स्वर्गीय हीरालाल चित्तौड़ा एवं स्वर्गीय चंद्रकांता चित्तौड़ा की स्मृति में जलसेवा जिला संगठन आयुक्त गाइड सुनीता मीणा द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त स्काउट प्रदीप चित्तौड़ा नें बताया कि स्काउट गाइड द्वारा पूरे बारां जिले के सभी ब्लाकों पर ग्रीष्मकाल में जल सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। आज बारां शहर में इसका शुभारंभ कर सभी स्थानीय संघ के पदाधिकारी से आग्रह किया गया कि आप भी अपने स्तर पर अपने ब्लॉक में ग्रीष्मकालीन जल सेवा का शुभारंभ करें। ग्रीष्मकालीन जल सेवा के लिए अंता में उमाशंकर अटरू में राजेंद्र कुमार शर्मा बारां में भेरूलाल वर्मा शाहाबाद में अमजद युसीफी मांगरोल में भरतरी मीणा, किशनगंज बृजगोविंद टेलर, छीपाबड़ौद में इंद्र कुमार शर्मा, छबड़ा में घनश्याम भार्गव को प्रभारी बनाकर जल सेवा का कार्य देखेंगे। बारां स्काउट गाइड संगठन द्वारा एक जलसेवा कोटा रोड, बस स्टैंड एवं धर्मादा चौराहे पर भी लगाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका नेतृत्व महेश सेन रोवर लीडर एवं कमलेश मीणा सीनियर रोवर करेंगे। जिला संगठन आयुक्त गाइड सुनीता मीणा ने कहा कि स्काउट गाइड संगठन द्वारा हर वर्ष ग्रीष्मकल में जल सेवा की जाती है उसी के अधीन बारां स्टेशन पर आने वाली जाने वाली ट्रेन के समय भी जल सेवा प्रारंभ की जाएगी।




# भारत निर्वाचन आयोग की तीन नई पहलें

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावलियों की सटीकता में सुधार लाने तथा नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नई पहलें की हैं। ये उपाय भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार द्वारा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में इसी वर्ष मार्च में मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन के दौरान परिकल्पित पहलों के अनुरूप हैं।




आयोग अब निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 9 और जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 (वर्ष 2023 में यथा-संशोधित) की धारा 3(5) (ख) के अनुरूप भारत के महापंजीयक से मृत्यु पंजीकरण का डेटा इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को पंजीकृत मौतों के बारे में समय पर जानकारी मिले। इससे बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) भी फॉर्म 7 के तहत औपचारिक अनुरोध की प्रतीक्षा किए बिना, फील्ड विजिट के माध्यम से जानकारी को फिर से सत्यापित करने में सक्षम होंगे।

मतदाता सूचना पर्ची (वीआईएस) को मतदाताओं के लिए अधिक अनुकूल बनाने के लिए आयोग ने इसके डिजाइन में भी सुधार करने का फैसला किया है। मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएंगी, साथ ही फ़ॉन्ट का आकार भी बढ़ाया जाएगा, जिससे मतदाताओं के लिए अपने मतदान केंद्र की पहचान करना आसान हो जाएगा और मतदान अधिकारियों के लिए निर्वाचक नामावली में उनके नाम को कुशलतापूर्वक ढूंढना आसान हो जाएगा।

आयोग ने यह भी निदेश दिया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13ख (2) के तहत ईआरओ द्वारा नियुक्त सभी बीएलओ को मानक फोटो पहचान-पत्र जारी किए जाएं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतदाता सत्यापन और पंजीकरण अभियान के दौरान नागरिक बीएलओ को पहचान सकें और उनके साथ आश्वस्त होकर बातचीत कर सकें। चुनाव संबंधी कर्तव्यों के निष्पादन में मतदाताओं और आयोग के बीच प्रथम प्रतिनिधि (interface) के रूप में, यह महत्वपूर्ण है कि घर-घर जाकर काम करने के दौरान बीएलओ को जनता आसानी से पहचान सके।

# छबड़ा सुपर तापीय विद्युत परियोजना का ऊर्जा मंत्री ने किया निरीक्षण

बारां, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने गुरुवार को जिले के मोतीपुरा गांव स्थित छबड़ा सुपर तापीय विद्त परियोजना का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने परियोजना के सुपर क्रिटिकल यूनिट्स का अवलोकन किया एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर विद्त उत्पादन और प्रबंधन की समीक्षा की।



नागर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में बढ़ती विद्त मांग को देखते हुए सभी इकाइयों से अधिकतम क्षमता में निर्विघ्न विद्त उत्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, तकनीकी कारणों से बंद पड़ी इकाइयों को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में राज्य के कोल ब्लॉक से कोयले की नियमित आपूर्ति की जा रही है, जिससे कोयला आधारित विद्त परियोजनाओं के पास वर्तमान में 20-25 दिनों की खपत का भंडारण मौजूद है। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान में सौर ऊर्जा से सर्वाधिक विद्त उत्पादन किया जा रहा है।

हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राज्य में 1000 मेगावाट क्षमता वाले बैटरी स्टोरेज प्लांट्स की स्थापना प्रक्रियाधीन है, जिससे दिन में उत्पादित सौर ऊर्जा को संग्रहित कर रात में उपयोग किया जा सकेगा। ऊर्जा आपूर्ति को और अधिक सुचारु बनाने हेतु राज्य में लगभग 150 ग्रिड सब-स्टेशनों का निर्माण भी प्रगति पर है।

नागर ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना के अंतर्गत राज्य के उपभोक्ताओं को 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है। साथ ही, केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर योजना के तहत छत पर सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ताओं को अब 150 यूनिट तक निशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।

इस मौके पर किशनगंज विधायक ललित मीणा, राजस्थान राज्य विद्त उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक देवेन्द्र श्रृंगी, सुपर क्रिटिकल के मुख्य अभियंता संजय सनाढ्य तथा छबड़ा थर्मल के मुख्य अभियंता विरेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे।

## कमजोर वर्गा के उत्थान के लिये प्रतिबद्व सरकार - पंचायती राज मंत्री दिलावर

पाली (रॉयल पत्रिका) । शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सरकार व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कमजोर वर्ग के हितों व उत्थान के लिये प्रतिबद्व है उन्होंने कहा कि सरकार घुमन्तु ,अर्द्वघुमन्तु एवं आवासहीन व्यक्तियों के कल्याण के लिये अनेक कार्य कर रही है जिनमें उनको भूखंड व पटटे दिये जा रहे है जिससे उनको रहवास की कोई समस्या ना हो।

पंचायतीराज मंत्री दिलावर गुरूवार को बांगड कॉलेज में आयोजित घुमन्तु जाति उत्थान न्यास पाली विभाग द्वारा आयोजित घुमन्तु जातियों के परिवार के साथ कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने गत समय में भी ऐसे लोगों को भूखण्ड के पट्टे दिये थे और आने वाले समय में भी इन वर्गा के कल्याण को देखते हुये इन्हें और भी पूरे राज्य में पट्टे देगे। उन्होंने इसके लिये पूरे राज्य में किये गये प्रयासों के बारे में जानकारी दी व आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिये कहा। इस अवसर पर इन वर्गा के लोगों के साथ संवाद किया और उन्हें सुना और उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना और हर प्रकार से उनके लिये राहत के लिये तत्पर हो कर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर समारोह को पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने व अन्य ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम मे पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. बजरंग सिंह ,मुख्य कार्यकारी मुकेश चौधरी, विकास अधिकारी, शिक्षा विभाग के व अन्य संबधित जिला स्तरीय अधिकारी , रतनसिंह राजपुरोहित पाली विभाग घुमंतु कार्य संयोजक,प्रहलादजी सफाडा. घुमंतु, कार्य की प्रांत टोली के सदस्य प्रांत के छात्रावास प्रमुख, वेन्द्र जालोर ,बोराराम लोहार पाली घुमंतु छात्रावास; काननाथ समाजसेवी , दुर्गशनन्दन , 1008 महते चेतन गिरि, मोकवसर राजस्थान बंजारा संगम अध्यन, 1008 महंतश्री अमृतनाबजी महाराज नवीधान खेतलाती आश्रम , सुनील भंडारी ,आदि व समाज के लोग मौजूद रहे।

# परानियां में धर्म गुरुओं ने बाल-विवाह की रोकथाम के लिए किया कार्यक्रम




बारां, (रॉयल पत्रिका)। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता एवं जिला बाल संरक्षण इकाई सहायक निदेशक राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि बुधवार 30 अप्रैल को धर्म गुरुओं ने संभाली बाल-विवाह की कमान, बाल विवाह की रोकथाम को लेकर किया गया कार्यक्रम, जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल अधिकारिता विभाग व सृष्टि सेवा समिति, बारां ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए धर्म गुरुओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान, संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि सिंह बाघेल ने कहा धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला। हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे कि अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह न हो पाए। बाल विवाह की रोकथाम को लेकर धर्म गुरुओं को साथ जोडकर व एक मंच पर लाकर बुधवार को जिले के किशनगंज ब्लॉक में परानियां गांव में धर्म गुरुओं के बीच कार्यक्रम आयोजित किया और बाल विवाह के विरूद्ध अपने विचार रखें एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 व पुलिस कन्ट्रोल नंबर 100 पर सूचना देने के सम्बंध में बताया। बाल अधिकारिता विभाग से संरक्षण अधिकारी लोकेश सेन व सृष्टि सेवा समिति, बारां के जिला समन्वयक कोऑर्डिनेटर विजय कुशवाह व कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिनिधि रंजीता बनर्जी, केसरलाल मेहता, विमला ओझा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, राजेन्द्र कुशवाह, कमल प्रजाति, चेतन नामा, धर्मगुरु, मौलवी, आदि मौजूद थे। इन्होने ने कहा कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना विवाह सम्पन्न नही हो सकता, हमने उन्हे बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए उम्मीद कर सकते है इस अक्षय तृतीया एवं पीपल पूर्णिमा के अवसर पर जिले में एक भी बाल विवाह नही हो पाए।

# ई-मित्र कियोस्क व आधार सेंटर का औचक निरीक्षण, दो केंद्रों पर मिली अनियमितताएं

झुंझुनूं (रॉयल पत्रिका)। आमजन को सुलभ और पारदर्शी ई-गवर्नेंस सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, झुंझुनूं के संयुक्त निदेशक घनश्याम गोयल के आदेशानुसार माह अप्रैल 2025 में ब्लॉक पिलानी क्षेत्र में ई-मित्र कियोस्क और बाल आधार सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम का नेतृत्व ब्लॉक प्रोग्रामर अनिल कुमार ने किया, जिसमें 17 ई-मित्र कियोस्क और एक बाल आधार सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दो कियोस्क केंद्रों पर अनियमितताएं पाई गईं। एक ई-मित्र संचालक बिना परिचय पत्र (आईडी कार्ड) के कार्य करते पाए गए, जबकि दूसरे केंद्र पर को-ब्रांडेड बैनर नहीं लगाया गया था। दोनों मामलों में मौके पर ही नोटिस जारी किए गए। निरीक्षण के दौरान कियोस्क संचालकों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सेवा दर सूची के अनुसार ही सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए । निरीक्षण दल में प्रोग्रामर अनिल कुमार, रतनलाल, मुकेश कुमार, मनोज कुमार एवं शशिकांत आलड़िया शामिल रहे।

# जिला कलक्टर ने मलारना डूंगर एवं भूखा में की जनसुनवाई, त्वरित समाधान के दिए निर्देश



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनके त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में गुरूवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र मलारना डूंगर एवं ग्राम पंचायत भूखा में आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग नियमित रूप से जनसुनवाई करते हुए आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निर्धारित समयावधि में निस्तारण करें कोई भी प्रकरण जनसुनवाई में बार-बार नहीं आये।

इस दौरान जॉब कार्ड बनवाने, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने, पेयजल आपूर्ति करवाने, अतिक्रमण हटवाने, पानी के लीकेज सही करवाने आदि प्रकरण प्राप्त हुए इस पर कलक्टर ने प्रकरणों की जांच कर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रदान किए।

इस दौरान परिवादी जितेन्द्र सैनी द्वारा पुराने थाने के पास स्थित हैण्डपम्प सहीं करवाने की मांग की इस पर कलक्टर ने दूरभाष पर ही अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग भगवान सहाय मीणा को जल्द से जल्द हैण्डपम्प सही करवाकर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने उपस्थित ग्राम सेवक से मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यो की जानकारी लेकर मनरेगा में कार्य करने के इच्छुक ग्रामीणों को फॉर्म भरवाकर कार्य दिलवाने एवं ऑनलाईन एप के संबंध में आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्त विभाग के अधिकारी से विद्त आपूर्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त कर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरन्त अवगत करवाने के साथ-साथ लंबित कृषि कनेक्शनों का शीघ्र निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत भूखा में जनसुनवाई का आयोजन कर ग्रामीणों द्वारा गीताराम के घर के समीप स्थित हैण्डपम्प के पाइप बदलवाने की शिकायत पर 15-20 दिन बाद भी समाधान नही होने पर ग्राम विकास अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक दिनेश को नोटिस जारी करने के निर्देश विकास अधिकारी मलारना डूंगर नरेन्द्र मीणा को दिए। साथ ही उन्होंने एसडीएम मलारना डूंगर ज्योत्सना खोड़ा एवं विकास अधिकारी को पेयजल आपूर्ति के संबंध में तत्काल समाधान करवाने के निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान तहसीलदार संतोष कुमार शर्मा, मलारना डूंगर सरपंच जाहिद खान, एसएचओं जितेन्द्र सोलंकी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कोटा में सफल रहा बत्ती गुल प्रोटेस्ट

कोटा, (रॉयल पत्रिका)। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की जानिब से वक़्फ़ संशोधित एक्ट के ख़िलाफ़ पूरे मुल्क में "बत्ती गुल" एहतेजाज 30 अप्रैल को किया गया, सभी ने ठीक रात 9 बजे से 9:15 बजे बत्ती गुल कर इस काले कानून को रद्द करने की दुआ की। इसी कड़ी में काज़ी ए शहर,कोटा जुबैर अहमद साहब ओर उलेमाओं के आह्वान पर कोटा शहर ओर पूरे हाड़ौती की अवाम ने अपने घरों दुकानों ओर ऑफिस की बिजली बंद करके अपना विरोध दर्ज करवाया, क़ाज़ी ज़ुबैर साहब ने कहा कि, "हमें उम्मीद है कि इस शांति पूर्वक प्रोटेस्ट के ज़रिए से जो पैग़ाम दिया गया उस पर सरकार विचार करेगी ओर इस कानून को वापस लेगी।

## देश में वैल्यू ऐडिशन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत की जाने वाली यह सबसे महत्वपूर्ण योजना है: चौधरी

**मुंबई, एजेंसी।** डॉ. अजय चौधरी, एचसीएल के संस्थापक, ऐपिक फाउंडेशन के अध्यक्ष ने कहा कि मैं पैसिव कम्पोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम की घोषणा का स्वागत करता हूँ। वित्त वर्ष 26 से वित्त वर्ष 32 तक 6 वर्षों की अवधि के लिए 22,919 करोड़ के स्वीकृत परिव्यय के साथ, यह योजना इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में भारत के विकास पथ में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सरकार शुरू से ही सही दिशा में आगे बढ़ रही है, उसने सेमीकंडक्टर मिशन की घोषणा की है, जो देश के लिए ऐक्टिव कम्पोनेंट और सेमीकंडक्टर चिप्स बनाएगा। इससे पहले, सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक प्रमुख पीएलआई कार्यक्रम की भी घोषणा की थी, जिसके परिणामस्वरूप इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और भारत में रोजगार और यहां से होने वाला निर्यात भी बढ़ा है। इसके बाद, यह देश में वैल्यू ऐडिशन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत की जाने वाली सबसे महत्वपूर्ण योजना है। और यह कुछ ऐसा है जिसके होने का मैंने दशकों से इंतजार किया है। यह बहुत अहम है क्योंकि कदम दर कदम, सरकार ने हर उस पहलू पर काम किया है जिसकी उद्योग को जरूरत थी। और यह इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए एक बड़ा कदम है।

यह पहल भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण हो सकता है, जो देश को वैश्विक बाजार में एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में स्थापित करेगा।

## सरकार की पहल: नौकरी के लिए नहीं छोड़ना पड़ेगा घर

नई दिल्ली, एजेंसी। कोरोना महामारी के दौरान पहली बार घर से काम करने के कल्चर से लोग रूबरू हुए। उसी तर्ज अब केंद्र सरकार 'अपने गृह नगर में नौकरी' के नए विचार पर काम कर रही है। अगर यह पहल सफल रही तो पहली बार नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अब अपने मूल स्थान को छोड़कर दूसरे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय एक ऐसा सिस्टम विकसित कर रहा है, जिसमें नौकरी चाहने वालों को स्थान, क्षेत्र, नियोक्ता, वेतनमान, आवश्यक कौशल और अन्य विशेषताओं के आधार पर नौकरियों को फिल्टर करने के विकल्प





मिलेंगे। मंत्रालय पीएम गति शक्ति पोर्टल पर नौकरी के आंकड़ों की मैपिंग कर रहा है। मंत्रालय का राष्ट्रीय करिअर सेवा (एनसीएस) पोर्टल नियोक्ताओं और नौकरी चाहने वालों को जोड़ने वाले डिजिटल बाजार के रूप में कार्य करता है, जो बाजार में नौकरी की मांग और आपूर्ति को प्रभावी ढंग से संरेखित करता है। मंत्रालय एनसीएस जॉब डाटा को पीएम गतिशक्ति प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत करने पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। जम्मू-कश्मीर और गुजरात ने पहले ही इस दिशा में प्रगति कर ली है।

**41 लाख नियोक्ता इस प्लेटफॉर्म से जुड़े-** करीब 41 लाख नियोक्ता इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं। जबकि, एक करोड़ से अधिक संभावित नौकरी चाहने वालों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

**40 किलोमीटर के दायर में नौकरी-** पीएम गति शक्ति को एनसीएस पोर्टल के साथ एकीकृत करके रोजगार अवसरों को जियो-टैग किया जा सकता है। एक समर्पित मोबाइल एप युवाओं को 20-40 किलोमीटर के दायरे में आसपास के रोजगार के अवसरों की खोज करने में सक्षम बनाएगा।

**सीमित कौशल वालों को मिलेगा लाभ-** यह विशेष रूप से नौकरी चाहने वालों, सीमित कौशल वाले लोगों को लाभान्वित करेगा, जो अब तक अत्यधिक रोजगार योग्य नहीं हैं, जिससे उन्हें अपने समुदायों में रहते हुए कमाई करने का अवसर मिलेगा।

## गोल्डमैन सैक्स ने बल्क डील में खरीदे वोडाफोन आइडिया के करोड़ों के शेयर




**मुंबई, एजेंसी।** शेयर बाजार खुलते ही वोडाफोन आइडिया के शेयर में सुबह ही तेजी दिखी। ऐसा इसलिए, क्योंकि गोल्डमैन सैक्स (सिंगापुर) पीटीई ने कंपनी में लगभग 0.55 प्रतिशतहिस्सेदारी खरीदी है। यह हिस्सेदारी उन्होंने बल्क डील के जरिए खरीदी है।

**कितने के खरीदे शेयर-** गोल्डमैन सैक्स ने 457.96 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। बताया जाता है कि यह एक बड़े सौदे का हिस्सा है। इस सौदे में नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने वीआई में अपनी 0.95 प्रतिशतहिस्सेदारी बेची। इससे उन्हें 785.67 करोड़ रुपये मिले। ह्स्थ के आंकड़ों के अनुसार, नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने वीआई के 102.7 करोड़ शेयर बेचे। उन्होंने ये शेयर 7.65 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से बेचे। गोल्डमैन सैक्स मुख्य खरीदारों में से एक था। लेकिन, बाकी खरीदारों के बारे में जानकारी अभी नहीं मिली है।

### नोकिया को घाटा हुआ

पिछले साल, वीआई ने नोकिया को 102.7 करोड़ इक्विटी शेयर दिए थे। ये शेयर 14.80 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से दिए गए थे। यह एक खास डील थी। इससे वीआई को लगभग 1,520 करोड़ रुपये का बकाया चुकाने में मदद मिली थी। नोकिया की भारतीय इकाई के पास वीआई में 1.47 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। उल्लखनीय है कि सरकार ने हाल ही में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। इस महीने की शुरुआत में, सरकार ने वोडाफोन आइडिया के बकाया स्पेक्ट्रम शुल्क को इक्विटी में बदल दिया था। यह राशि 36,950 करोड़ रुपये थी। इससे सरकार की हिस्सेदारी 22.6 प्रतिशतसे बढ़कर लगभग 49 प्रतिशतहो गई है। इस बल्क डील के बाद वोडाफोन आइडिया में नोकिया की हिस्सेदारी घटकर लगभग 0.95 प्रतिशतहो गई है।

### वोडाफोन आइडिया के शेयर पर क्या असर

पिछले सप्ताह बीएसई में वीआई के शेयर 7.47 रुपये पर बंद हुए थे। थोड़ी ही देर में यह चढ़ कर 7.58 रुपये पर चला गया। सुबह 9.53 बजे यह 7.49 रुपये पर ट्रेड कर रहा था जो कि कल के बंद भाव के मुकाबले 0.27 फीसदी अधिक है।

## 10 साल बाद भारी भरकम मुनाफा बांटेगी कंपनी

नई दिल्ली, एजेंसी। ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर लिमिटेड के शेयर सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 2 प्रतिशततक चढ़कर 8771.55 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक ऐलान है। दरअसल, कंपनी ने डिविडेंड की घोषणा की है। कंपनी के बोर्ड मेंबर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 5 फेस वैल्यू के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 265 के अंतरिम डिविडेंड को मंजूरी दी। इसके लिए रिकॉर्ड तिथि 8 मई तय की गई है। शेयरधारकों को डिविडेंड का भुगतान 17 मई, 2025 तक किया जाएगा। बता दें कि यह कंपनी का पिछले दस सालों में अब तक का सबसे अधिक डिविडेंड है। इससे पहले कंपनी ने साल 2014 में 485 रुपये का डिविडेंड दिया था।

**क्या है डिटेल-** ोरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और साल के लिए अपने वित्तीय नतीजे जारी कर दी है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में बड़ा मार्जिन और प्रॉफिट दर्ज किया। जबकि कंपनी की टॉपलाइन सपाट रही, मार्जिन 300 आधार अंकों से बढ़कर 44.6 प्रतिशतहो गया। लाभ 18-19 प्रतिशतबढ़ा। ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मकरंद पडलकर ने कहा, हमने पूरे वर्ष के लिए 44 प्रतिशतके ऑपरेटिंग मार्जिन के साथ मजबूत आपरेशनल परफॉर्मेंस बनाए रखा, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 180 आधार अंकों का सुधार है।

## सप्लाई ठप होने से ड्राई फ्रूट्स के दाम बढ़े, पहलगाम हमले के बाद अटारी-वाघा बॉर्डर बंद, दिखने लगा असर



### और बढ़ सकते हैं दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से अमृतसर में अटारी-वाघा बॉर्डर को बंद कर दिया गया है। बॉर्डर बंद होने से भारत और अफगानिस्तान के व्यापार में भी असर पड़ने लगा है। आलम यह है कि बीते चार दिनों से अफगानिस्तान से आने वाले ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ठप हो गई है। जिसका असर बाजारों में दिख रहा है। कारोबारियों के मुताबिक, अफगानिस्तान से सप्लाई ठप होने से ड्राई फ्रूट्स के दाम में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कारोबारियों का दावा है आने वाले एक महीने तक अगर यही हालत रहे तो ड्राई फ्रूट्स के दाम आसमान छू सकते हैं।

खारी बावली में अफगानिस्तान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, दक्षिण अफ्रीका समेत कई देश से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई होती है। एक कारोबारी ने बताया कि बीते कुछ दिनों से अफगानिस्तान से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ठप है। जिससे बाजार में खलबली मच गई है। इंटरनेशनल फ्रूट्स एंड नट्स ऑर्गनाइजेशन के डायरेक्टर रविंद्र मेहता ने बताया कि पहलगाम की घटना बहुत ही दुखद है। सरकार ने हमले के बाद से अमृतसर में अटारी-वाघा बॉर्डर को बंद कर दिया है।

**काजू, अखरोट की भी बढ़ेगी कीमत-** देश में अभी ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, टर्की से हो रही है और कुछ आइटम ईरान से भी आ रहे हैं। लेकिन अफगानिस्तान से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ठप होने से दूसरे देश से आने वाले काजू, बादाम, अखरोट की खपत तेज हो जाएगी, जिसे इनके दाम भी बढ़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि मिठाइयों के लिए पिस्ता मिलना भी मुश्किल हो जाएगा। जिससे इसका असर मिठाई के दाम पर भी सीधे तौर पर पड़ेगा।

बॉर्डर बंद होने से अफगानिस्तान से व्यापार ठप हो गया है। अफगानिस्तान का लगभग 90 प्रतिशत माल भारत आता है। इनमें अंजीर, हींग, पिस्ता, किशमिश, जीरा, मुनक्का शामिल हैं। चार दिन हो गए सप्लाई ठप है। इसकी वजह से थोक मंडी में अंजीर की कीमत में 200 प्रति किलो, पिस्ता की कीमत में 400 से 500 प्रति किलो, किशमिश में 100 प्रति किलो, मुनक्का में भी 100 प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है। अगले एक महीने तक अगर यही हालत रहे तो ड्राई फ्रूट्स के दाम में काफी बढ़ोतरी हो सकती है।

### कारोबारियों के करोड़ों रुपये फंसे

अफगानिस्तान से भारत में हर साल लगभग सवा लाख टन ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई होती है। इसके लिए यहां के कारोबारी एडवांस में पेमेंट करते हैं। एक कारोबारी ने बताया कि अफगानिस्तान से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ठप होने से करोड़ों रुपये फंस गए हैं। इस स्थिति में उनके पास इंतज़ार के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

## मुकेश अंबानी की कंपनी का मुनाफा बढ़ा तो रिलायंस के शेयर खरीदने को मची लूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों को खरीदने के लिए सोमवार को लूट मच गई। आरआईएल के शेयर बीएसई पर 3.3 प्रतिशतबढ़कर 1,344 रुपये के इंट्राडे हाई पर पहुंच गए। यह उछाल तब देखने को मिली,




जब कंपनी ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही के लिए कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट में 2 प्रतिशतकी वृद्धि के साथ 19,407 करोड़ रुपये की रिपोर्ट की, जो दलाल स्ट्रीट अनुमान 18,471 करोड़ रुपये से अधिक है।

**1,650 रुपये हुआ टार्गेट प्राइस-** मोतीलाल ओसवाल मोतीलाल ओसवाल ने रिलायंस पर 1,515 रुपये (पहले 1,510 रुपये) के संशोधित लक्ष्य मूल्य के साथ खरीदें रेटिंग दोहराई है। वहीं, नोमुरा ने भी रिलायंस पर खरीदें कॉल दिया है, टार्गेट प्राइस बढ़ाकर 1,650 रुपये कर दिया है। जेपी मॉर्गन जेपी मॉर्गन ने 1,530 रुपये के लक्ष्य मूल्य के साथ रिलायंस पर ओवरवेट रेटिंग बनाए रखी है। मैक्वेरी ने 1,500 रुपये के लक्ष्य मूल्य के साथ आउटपरफॉर्म रेटिंग दी। इसने बताया कि त्त4 के परिणाम अनुरूप थे।

**रिलायंस के नतीजों पर क्या बोले मुकेश अंबानी-** आरआईएल के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने कहा, वित्त वर्ष 2025 वैश्विक कारोबारी माहौल के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है, जिसमें कमजोर मैक्रो-इकोनॉमिक स्थितियां और भू-राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव हुआ है। परिचालन अनुशासन, ग्राहक-केंद्रित नवाचार और भारत की विकास आवश्यकताओं को पूरा करने पर हमारा ध्यान केंद्रित करने से रिलायंस को इस साल के दौरान स्थिर वित्तीय प्रदर्शन करने में मदद मिली है।

**जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने क्या कहा-** रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा, जियो विश्व स्तरीय नेटवर्क तकनीकों और डिजिटल सेवाओं के विस्तृत गुलदस्ते के साथ ग्राहक जुड़ाव में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

## किशोर कुमार के गाने पर विजय केडिया का तराना

### बताया कैसे बनेगा 10,000 से 1 करोड़ का खजाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार में विजय केडिया जाना-माना नाम हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने गानों के जरिए निवेश और संपत्ति बनाने की सरल रणनीति बताते हैं। केडिया ने जिदगी को समृद्ध है बनाना नाम का नया गाना जारी किया है। यह गाना किशोर कुमार के जिंदगी एक सफर है सुहाना से प्रेरित है। इस गाने के जरिये केडिया ने बचत करने और सिप (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए संपत्ति बनाने के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि कैसे हर महीने 10,000 रुपये का निवेश 20 सालों में 12 प्रतिशतवार्षिक रिटर्न के साथ 1 करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है। केडिया ने फिजूलखर्ची से बचने और समय पर निवेश शुरू करने की सलाह दी है। उन्होंने पहले भी युवाओं को अमीर बनने के लिए आसान गणित समझाया था। इसमें सालाना 50,000 रुपये की बचत को समझदारी से निवेश करके 5 करोड़ रुपये तक बनाने की बात कही गई थी। विजय केडिया हमेशा मजेदार तरीके से लोगों को निवेश के बारे में बताते रहते हैं। इस बार भी उन्होंने एक गाना बनाया है। इसमें उन्होंने लोगों को अमीर और सुरक्षित जीवन जीने के लिए जरूरी बातें बताई हैं।



### जिंदगी को समृद्ध है बनाना

केडिया ने अपना नया गाना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर शेयर किया है। गाने का नाम है जिंदगी को समृद्ध है बनाना। यह गाना 1971 में आई फिल्म अंदाज के किशोर कुमार के गाने जिंदगी एक सफर है सुहाना पर है। इस गाने के जरिए केडिया ने बचत करने और सिप के महत्व को समझाया है। सिप एक ऐसा तरीका है जिससे आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा पैसा निवेश कर सकते हैं। समय के साथ अच्छा पैसा बना सकते हैं।

## पढ़ने के आनंद का मनाएं जश्न, अमेजन इंडिया ने मेक इंडिया रीड मोर मिशन को किया और मजबूत

**बेंगलुरु, एजेंसी।** इस वर्ल्ड बुक डे पर अमेजन इंडिया अपने मेक इंडिया रीड मोर मिशन को आगे बढ़ा रहा है - ये एक व्यापक कोशिश है, जो भारत के रीडिंग कल्चर को बढ़ावा देने के लिए डेमोक्रेटाइज्ड एक्सेस, इनोवेटिव डिस्कवरी और कम्युनिटी एनगेजमेंट के जरिए काम करती है। ये प्रतिबद्धता देश भर के पाठकों तक किताबों की पहुंच को आसान बनाने के लिए अमेजन द्वारा किए जा रहे काम का हिस्सा है। अमेजन इंडिया के हाल के ट्रेंड्स से पता चलता है कि पूरे देश में किताबों की मांग बढ़ रही है, जिसमें नए कस्टमर्स और कैटेगरी सेल्स दोनों में डबल-डिजिट ग्रोथ देखी गई है। टियर 2 शहर इस विस्तार को खास तौर पर बढ़ा रहे हैं, जहां नए बुक कस्टमर्स की ग्रोथ मेट्रो शहरों की तुलना में दोगुनी रफ्तार से बढ़ रही है। इस डिमांड को सपोर्ट करने के लिए कंपनी ने अपनी सेम-डे डिलीवरी क्षमता को काफी बढ़ा दिया है, और अब टॉप 20 शहरों में पिछले साल की तुलना में दोगुने कस्टमर्स तक पहुंच रही है। राजर्षि गुइन, डायरेक्टर, बुक्स एंड टॉयज, अमेजन इंडिया ने कहा, किताबें अमेजन की पहचान का केंद्र बिंदु हैं, और भारत के पाठकों के लिए हमारी प्रतिबद्धता पहले से कहीं ज्यादा गहरी हुई है, भारत की सांस्कृतिक और शैक्षणिक विविधता को प्रदर्शित करने वाला साहित्य संग्रह से लेकर, तेज डिलीवरी और डिस्कवरी में निवेश करने तक, हमारा पूरा ध्यान रीडिंग को ज्यादा फायदेमंद और ज्यादा सुविधाजनक बनाने पर है। चाहे वो मेट्रो में एक युवा रीडर हो या टियर-3 टाउन में एक स्टूडेंट, हम हर दरवाजे तक सही किताब पहुंचाना चाहते हैं। 14 से ज्यादा भारतीय भाषाओं में उपलब्ध, 2 करोड़ से ज्यादा किताबों के कैटलॉग के साथ, अमेजन भारत के 100 प्रतिशत सर्विसेबल पिन कोड्स तक किताबें डिलीवर करता है। इस कैटेगरी में लिटरेरी फिक्शन, सेल्फ-हेल्प, बिजनेस और चिल्ड्रन्स बुक्स जैसे जॉनर्स में मजबूत डबल-डिजिट ग्रोथ देखी जा रही है, वहीं मलयालम और तमिल में रीजनल लैंग्वेज बुक्स की डिमांड पिछले साल की तुलना में दोगुनी हो गई है। एजुकेशनल कंटेंट भी मजबूत बना हुआ है, जिसमें गवर्नमेंट एग्जाम प्रीपरेशन मटीरियल्स में 30 प्रतिशत से ज्यादा की ग्रोथ हुई है, और इंजीनियरिंग व लॉ के लिए स्पेशलाइज्ड मटेरियल्स में पिछले साल की तुलना में 50 प्रतिशत से ज्यादा की ग्रोथ देखी गई है। डिस्कवरी और ग्राहक अनुभव को बेहतर करने के लिए, अमेजन की मंथली बुक बाजार इस साल अपनी 5वीं वर्षगांठ मना रही है, जिसमें 60 एडिशन्स होंगे जहां 300 से ज्यादा विशेष रीडिंग लिस्ट्स और 30,000 से ज्यादा किताबों पर डील्स की पेशकश की जाएगी, जो अलग-अलग जॉनर्स और भाषाओं में उपलब्ध होंगी। कंपनी फ्लैगशिप इनिशिएटिव्स जैसे ऑथर ऑफ द मंथ, अमेजन बुक टॉक सीरीज, और क्षेत्रीय भाषाओं की किताबों के लिए मातृभाषा स्टोर जैसे खास गंतव्य के माध्यम से पर्सनलाइज्ड एल्गोरिदम रिकमंडेशन्स को ट्रस्टेड एडिटोरियल क्यूरेशन के साथ मिलाती है।

## सुनील मित्तल के बाद अब मुकेश अंबानी भी आगे आए




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अब एक बड़ी खबर में है। यह कंपनी चीन की एक बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी हायर की भारतीय इकाई में हिस्सेदारी खरीदने की दौड़ में शामिल हो गई है। हायर कंपनी भारत में अपने कारोबार को बढ़ाना चाहती है और इसके लिए वह किसी भारतीय कंपनी को अपना पार्टनर बनाना चाहती है।

इस दौड़ में रिलायंस का मुकाबला सुनील मित्तल की भारती ग्रुप से है। यह मुकाबला टेलीकॉम सेक्टर की तरह ही है, जहां ये दोनों कंपनियां पहले से ही एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। कितनी हिस्सेदारी बेचना चाहती है कंपनी

हायर अप्लायंसेज इंडिया एलजी और सैमसंग के बाद तीसरे नंबर पर है। यह कंपनी अपनी 25 प्रतिशतसे 51 प्रतिशततक हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। यह कंपनी स्त्र मोटर्स की तरह एक ऐसा ढांचा बनाना चाहती है, जिसमें कोई भारतीय कंपनी सबसे बड़ी शेयरधारक बन जाए। सूत्रों के अनुसार, हायर कंपनी का वैल्यूएशन 2-2.3 बिलियन डॉलर आंका जा रहा है। इसमें कंपनी को कंट्रोल करने का प्रीमियम भी शामिल है। हायर कंपनी पिछले साल के अंत से ही सिटी के साथ मिलकर बड़े फैमिली ऑफिस और प्राइवेट इक्विटी फंड्स से हिस्सेदारी बिक्री के लिए बात कर रही है।

### टैरिफ से जुड़ा है कनेक्शन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने के बाद से चीनी कंपनियां अब भारत में हिस्सेदारी बेचने के लिए तैयार हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि टैरिफ की वजह से उनके प्रोडक्ट की कीमतें अमेरिका में बढ़ जाएंगी। इसलिए, चीनी कंपनियां अब भारत में अपना कारोबार बढ़ाना चाहती हैं।

### क्या है दोनों कंपनियों का प्लान

रिलायंस ने इस साल की शुरुआत में नॉन-बाइंडिंग ऑफर देने के बाद इस दौड़ में एंट्री की है। सूत्रों के अनुसार, रिलायंस के सलाहकारों ने सीधे हायर के हेडक्वार्टर, चिंगदाओ में संपर्क किया है। दो इंडस्ट्री एग्जीक्यूटिव्स ने बताया कि मित्तल भी कुछ हफ्ते पहले हायर के टॉप मैनेजमेंट से मिलने चीन गए थे।

यह समझा जाता है कि रिलायंस रिटेल यूनिट इस संभावित अधिग्रहण के लिए एक माध्यम होगा। सूत्रों के अनुसार, रिलायंस अभी तक अकेले ही आगे बढ़ना चाहता है। रिलायंस पहले से ही बीपीएल और केल्विनटर जैसे लाइसेंस वाले ब्रांडों के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स में अपना कारोबार बढ़ा रहा है। हालांकि, रिलायंस द्वारा स्थापित ब्रांड, रीकनेक्ट और वाइजर को ज्यादा सफलता नहीं मिली है।

### कितनी मिलेगी इ्िटी

ज्यादातर भारतीय कंपनियां और प्राइवेट इक्विटी फर्म्स किसी भी गठबंधन में जूनियर पार्टनर नहीं बनना चाहती हैं। इसलिए, हायर कंपनी एक लोकल पार्टनर को 45-48 प्रतिशत इक्विटी देने पर विचार कर रही है। इसके अलावा, 3-6 प्रतिशतइक्विटी भारतीय कर्मचारियों और लोकल डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए रखी जाएगी, जबकि बाकी हिस्सेदारी कंपनी अपने पास रखेगी। सूत्रों के अनुसार, फाइनल स्ट्रक्चर अगले कुछ हफ्तों में तय होने की उम्मीद है।

# बजरंगी भाईजान 2 को सलमान ने दिखाई हरी झंडी?

## लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने दिया अपडेट



कई दिनों से चर्चा थी कि सलमान खान अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म बजरंगी भाईजान के सीक्वल पर काम करने के बारे में विचार कर रहे हैं। वहीं, अब फिल्म के लेखक ने इस पर नया अपडेट दिया है। मशहूर पटकथा लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद ने खुलासा किया है कि उन्होंने हाल ही में सलमान खान के साथ 2015 की हिट फिल्म बजरंगी भाईजान के संभावित सीक्वल पर चर्चा की और अभिनेता के साथ एक नई कहानी की स्क्रिप्ट साझा की। विजयेंद्र प्रसाद निर्माता एसएस राजामौली के पिता भी हैं और वह बाहुबली और आरआरआर जैसी प्रमुख ब्लॉकबस्टर फिल्मों की पटकथा लिखने के लिए जाने जाते हैं।

### सलमान को पसंद आया कांसेप्ट

पीटीआई से बात करते हुए विजयेंद्र प्रसाद ने कहा, मैं पिछली ईद पर सलमान से मिला था। मैंने उन्हें एक लाइन सुनाई, उन्हें वह पसंद आई, लेकिन देखते हैं क्या होता है, इसलिए प्रशंसक उम्मीद कर सकते हैं कि जल्द ही सीक्वल की घोषणा हो सकती है। फिल्म के सीक्वल, बजरंगी भाईजान 2 के बारे में अटकलें जारी हैं और हालिया अपडेट से पता चलता है कि फिल्म पर काम शुरू होने की कगार पर है।

### कई बार सीक्वल पर चर्चा कर चुके हैं सलमान

इस मामले से जुड़े सूत्रों ने संकेत दिया है कि सलमान खान और विजयेंद्र प्रसाद कई बार मिल चुके हैं और कथित तौर पर एक मजबूत पटकथा तैयार कर ली है, जो सीक्वल का आधार बन सकती है। इससे पहले पिंकविला ने बताया था कि बजरंगी भाईजान 2 आधिकारिक तौर पर विकास के चरण में पहुंच गई है। सलमान खान ने हाल ही में लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की और दोनों ने एक संभावित विचार पर चर्चा की। जो बहुप्रतीक्षित सीक्वल का रूप ले सकता है।

### आधिकारिक मुहर का इंतजार

रिपोर्ट्स के अनुसार, वी. विजयेंद्र प्रसाद और निर्देशक कबीर खान के बीच संभावित सहयोग के बारे में बातचीत चल रही है, जिससे पता चलता है कि तीनों इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आ सकते हैं। हालांकि, अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। कबीर खान द्वारा निर्देशित, बजरंगी भाईजान में सलमान खान, करीना कपूर खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नवोदित हर्षाली मल्होत्रा मुख्य भूमिका में हैं। यह छह वर्षीय मूक पाकिस्तानी लड़की शाहिदा की कहानी है, जो दिल्ली से पाकिस्तान लौटते समय अपनी मां से बिछड़ जाती है।

# अनिल कपूर ने शुरू की सुबेदार की डबिंग



मेगास्टार अनिल कपूर, जो लगातार खुद को नया रूप प्रस्तुत करने के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपनी बहुप्रतीक्षित ओटीटी फिल्म सूबेदार के लिए डबिंग शुरू कर दी है। अक्टूबर 2024 में शूटिंग शुरू करने के बाद, इस फिल्म की शूटिंग अब पूरी हो चुकी है और यह अपनी रिलीज़ से पहले के अंतिम चरण में प्रवेश कर चुकी है। फैंस को एक रोमांचक अपडेट देते हुए, अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर डबिंग स्टूडियो से एक झलक साझा की, जिसमें वह अपनी दमदार आवाज़ में एक संवाद बोलते नज़र आ रहे हैं. गौर से सुनो!! सूबेदार बोल रहे हैं सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्देशित, सुबेदार एक भावनात्मक और प्रभावशाली ड्रामा फिल्म है, जो एक सम्मानित सैन्य अधिकारी के जीवन को दर्शाती है जो व्यक्तिगत क्षति के बावजूद अपने कर्तव्य के प्रति अडिग रहता है। यह फिल्म सम्मान, बलिदान और दृढ़ता की पृष्ठभूमि में एक ऐसे व्यक्ति की कहानी बयां करती है जो राष्ट्र की पुकार और दिल की आवाज़ के बीच फंसा हुआ है। घोषणा के समय से ही सुबेदार ने दर्शकों की कल्पनाओं को आकर्षित किया है, जो अनिल कपूर को एक और रूपांतरणकारी किरदार में देखने के लिए उत्साहित हैं।

# जब आधी रात को मौनी रॉय के कमरे में घुसने की हुई कोशिश



**बॉलीवुड** अभिनेत्री मौनी रॉय ने हाल ही में अपना एक डरावना अनुभव शेयर किया। अभिनेत्री ने बताया कि आधी रात को उनके होटल के कमरे में किसी ने घुसने की कोशिश की। बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय ने हाल ही में अपने एक डरावने अनुभव के बारे में साझा किया। अभिनेत्री ने बताया कि एक अजनबी ने आधी रात को उनके होटल के कमरे का दरवाजा खोलने की कोशिश की। इसके बाद जो हुआ उसे भी अभिनेत्री ने विस्तार से बताया। मौजूदा समय में वह अपनी आगामी फिल्म 'भूतनी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं।

### चीखने लगीं अभिनेत्री

एक हालिया इंटरव्यू में अभिनेत्री ने अपने साथ हुई घटना का जिक्र किया। अभिनेत्री ने बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत के दौरान साझा किया, 'मैं एक छोटे से शहर में थी, मुझे ठीक से याद नहीं है कि कौन सा शहर था, लेकिन वहां किसी ने एक चाबी चुरा ली और मेरे कमरे को खोलने की कोशिश की। शुक्र है, मैं अकेली नहीं थी। मैं अपने मैनेजर के साथ थी। जब हमें एहसास हुआ कि क्या हो रहा है, तो हम चीखने लगे।'

### आगे क्या हुआ?

अभिनेत्री ने आगे कहा, 'फिर हमने रिसेप्शनिस्ट को कॉल करने की कोशिश की। उन्होंने सहजता से कहा कि यह हाउसकीपिंग होगी। मैंने उनसे पूछा हाउसकीपिंग में कौन बिना खटखटाए, बिना घंटी बजाए और वह भी रात के 12:30 बजे दरवाजा खोलने आ रहा है? अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्होंने इस रवैये को गंभीरता से लिया और होटल मैनेजमेंट से सवाल किया।

# शहनाज गिल को चढ़ा पेंटिंग का शौक, रंगों के साथ खेलती आई नजर



मशहूर एक्ट्रेस शहनाज गिल का चुलबुला अंदाज बेहद गजब है। उनका अपना अलग ही फैन बेस है। वह जो भी कुछ करती हैं, फैंस उन्हें जमकर सपोर्ट करते हैं। शहनाज को आपने एक्टिंग और सिंगिंग करते हुए देखा होगा, लेकिन इन दिनों उन्हें एक नया शौक चढ़ा है, जिसकी तस्वीर उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की है। दरअसल, शहनाज गिल को पेंटिंग करने का चस्का लगा है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन पर पेंटिंग करते हुए कई फोटो का एक कोलाज शेयर किया। इन तस्वीरों में पेंटिंग के कलर्स नजर आ रहे हैं और एक्ट्रेस इन कलर्स के साथ खेलती भी दिखाई दे रही हैं। कभी वह कैमरे की ओर कलर दिखा रही हैं, तो कभी ब्रश के साथ पोज दे रही हैं।

उनकी इन फोटो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। शहनाज गिल पंजाब की कैटरीना कैफ के नाम से काफी मशहूर हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का काफी शौक था। आज वह पंजाबी इंडस्ट्री की बड़ी स्टार हैं। उन्होंने काफी कम उम्र में ही मॉडलिंग करनी शुरू कर दी थी। वह कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं।

# संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर के लिए रात में यह खास काम कर रहे हैं रणबीर-आलिया, हैरानी की बात



निर्देशक संजय लीला भंसाली अपनी प्यार और एक्शन से भरी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है लव एंड वॉर। इस फिल्म में आलिया भट्ट, विक्की कौशल और रणबीर कपूर नजर आएंगे। इस फिल्म को लेकर एक अपडेट सामने आया है, जो किसी को भी हैरान कर देगा।

संजय लीला भंसाली की फिल्म में पहली बार रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की तिकड़ी दिखेगी। देरी की अफवाहों के बावजूद, फिल्म मार्च 2026 में रिलीज होने के लिए ट्रैक पर है। वहीं फिल्म को लेकर अहम जानकारी आई है, जो खासतौर पर रणबीर और आलिया के फैंस को हैरान कर देगी।

रणबीर और आलिया इन दिनों में गोरेगांव की फिल्म सिटी में सुबह के 6 बजे से देर रात तक फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। रणबीर और आलिया कुछ दुखी सींस की शूटिंग कर रहे हैं, जिनमें लंबे मोनोलॉग भी शामिल होंगे। भंसाली रात के माहौल में इन सींस को पोएट्री अंदाज में फिल्माना रहे हैं। टीम जल्द ही रात की शूटिंग खत्म कर लेगी। इसके बाद बाकी की बची शूटिंग घर के अंदर के सींस की होगी।

# हमने ऐसा माहौल बनाया है जो बिजनस से ज़्यादा कम्युनिटी जैसा लगता है: कृष्णा श्रॉफ



**कृष्णा** ने बताया, हम एमएमए मैट्रिक्स के साथ कुछ खास बनाना चाहते थे, एक ऐसी जगह जो आम जिम के अनुभव से कहीं बढ़कर हो। हमारा लक्ष्य है कि भारत में विश्वस्तरीय बुनियादी सुविधाओं को लाना है, साथ ही व्यक्तिगत स्पर्श भी बनाए रखना है। जब आप हमारे स्पेस में प्रवेश करते हैं, तो आपको तुरंत ही अंतर महसूस होता है। यह सहायक, समावेशी वातावरण है और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें पुनर्वास की आवश्यकता वाले लोग भी शामिल हैं। एमएमए मैट्रिक्स की सबसे बड़ी खासियत इसकी समावेशी सोच है। इसके कार्यक्रम और सुविधाएँ इस तरह से डिज़ाइन की गई हैं कि विभिन्न बैकग्राउंड और ज़रूरतों वाले लोग जुड़ सकें। इसके प्रशिक्षक पुनर्वास-केंद्रित ट्रेनिंग में भी निपुण हैं, जिससे वे उन लोगों की मदद कर पाते हैं जो सामान्य जिम के अनुभवों से वंचित रह जाते हैं। व्यक्तिगत सहायता के साथ श्रेष्ठ-गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे को जोड़कर, एमएमए मैट्रिक्स भारत में हर किसी के लिए फिटनेस को सुलभ और सार्थक बनाने के अपने मिशन को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा, कई व्यावसायिक जिमों के विपरीत, हमने ऐसा माहौल बनाया है जो व्यवसाय से ज़्यादा समुदाय जैसा लगता है। शुरू से ही हमारा लक्ष्य यही था- अपने लोगों को उच्चतम गुणवत्ता वाला फिटनेस वातावरण प्रदान करना जहाँ वे प्रेरित, समर्थित और सम्मानित महसूस करें। यह सिर्फ़ उपकरणों के बारे में नहीं है; यह एक ऐसा स्थान बनाने के बारे में है जहाँ हर कोई अपनी फिटनेस यात्रा में आगे बढ़ सके। संस्थापकों ने समझा कि बढ़िया उपकरण ही काफ़ी नहीं हैं - स्थायी फिटनेस आदतों के लिए सही भावनात्मक और मानसिक वातावरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

**कृष्णा श्रॉफ वास्तव में एक सच्ची फिटनेस आइकन और एंटरप्रेन्योर हैं। फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति उनकी लगन बेमिसाल है। कृष्णा श्रॉफ और उनके भाई टाइगर श्रॉफ द्वारा स्थापित स्क्रू मैट्रिक्स, भारत में फिटनेस के प्रति नजरिए को बदल रहा है। यह ब्रांड देशभर में उच्च गुणवत्ता वाले फिटनेस सेंटर्स की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इसकी शुरुआत मुंबई में एक प्रमुख जिम से हुई थी और अब यह पूरे देश में चौदह फ्रेंचाइज़ी तक फैल चुका है, जो इस बात का प्रमाण है कि लोग उनकी विशिष्ट ट्रेनिंग और वेलनेस शैली को कितना पसंद करते हैं। मैट्रिक्स का मुख्य उद्देश्य बेहतरीन उपकरण और ऐसी प्लेस प्रदान करना है जहाँ लोग वास्तव में प्रेरित होकर व्यायाम कर सकें, और यह भारत में सही दिशा में विस्तार कर रहा है।**

# बॉलीवुड की हालत पर सीमा पाहवा ने किया कटाक्ष, बोलीं- बहुत जल्द छोड़ दूंगी इंडस्ट्री...

हाल ही में अभिनेत्री सीमा पाहवा ने बॉलीवुड इंडस्ट्री के बारे में अपनी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा इंडस्ट्री की हालत बहुत खराब है। ड्रीम गर्ल 2 और बरेली की बर्फी जैसी फिल्मो में अपनी शानदार भूमिका के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री सीमा भार्गव पाहवा ने बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के बारे में अपने विचार रखे हैं। अभिनेत्री ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इंडस्ट्री पर अब व्यापारियों ने कब्जा कर लिया है।

### मुख्य भूमिका को लेकर उठाए सवाल

हाल ही में सीमा भार्गव पाहवा बॉलीवुड ठिकाना के इंटरव्यू में शामिल हुईं। वहां अभिनेत्री ने बातचीत में कहा, 'मेरे मन में एक सवाल उठता है कि शायद मैं अच्छी हूं, लेकिन इतनी अच्छी नहीं कि कोई मुझे मुख्य भूमिका में लेकर फिल्म बनाए। ये एक शिकायत है, लेकिन फिर मुझे लगता है कि शायद मेरी कुछ सीमाएं हैं, जिसकी वजह से मुझे मुख्य भूमिका में नहीं लिया गया।'



इसके आगे अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें लगता है कि वह इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर पहुंच गईं हैं, जिस कारण उन्हें जल्द ही इंडस्ट्री को अलविदा कहना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने बताया, इस समय इंडस्ट्री की हालत बहुत खराब है, जहां क्रिएटिव लोगों की कदर नहीं हो रही है और इंडस्ट्री को व्यापारियों ने कब्जा कर लिया है। वे अपनी व्यावसायिक मानसिकता के साथ इंडस्ट्री को चलाना चाहते हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि जिन्होंने इंडस्ट्री में इतने सालों तक काम किया है, वह अब इस तरह से काम कर सकता है।

### लवली लोला के पहले सीजन का समापन

# गौहर और ईशा हुई भावुक



गौहर खान और ईशा मालवीय स्टारर रोमांटिक कॉमेडी शो लवली लोला का पहला सीजन सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। फैंस अब इसके अगले सीजन की डिमांड कर रहे हैं। शो में ईशा लवली चड्ढा और गौहर लोला चावला के किरदार में नजर आईं। शो में अपने काम करने के एक्सपीरियंस पर बात करते हुए ईशा ने कहा, लवली का किरदार निभाना मेरे लिए बदलाव लाने वाला सफर रहा, जो एक तेज-तर्रार, जुनूनी और बहुत भावुक लड़की का किरदार था। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे ऐसी भूमिका निभाने का मौका मिला। वहीं गौहर खान ने कहा, लोला का किरदार मेरे करियर के सबसे यादगार किरदारों में से एक है। ताकत से भरपूर, मस्तीभरा अंदाज और भावुक पक्ष ने लोला के किरदार को मजेदार बना दिया, जो दर्शकों के सीधे दिल से जुड़ा।

इस शो का निर्माण सरगुन मेहता और रवि दुबे के बैनर ड्रीमियाता ड्रामा के तहत किया गया। इस शो का प्रीमियर 25 दिसंबर, 2024 को यूट्यूब पर हुआ। शो को दर्शकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिली। निर्माता सरगुन मेहता और रवि दुबे ने शो की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया। सरगुन ने कहा, हमें पता था कि यह कहानी दर्शकों को जरूर पसंद आएगी। यह सिर्फ प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि रिश्तों की जटिलताओं और पीढ़ियों के बीच समझ को उजागर करने के बारे में भी है। रवि ने कहा, लवली लोला के साथ, हम कुछ नया बनाना चाहते थे। दर्शकों से जो प्यार मिल रहा है, वह यह दिखाता है कि दिल से जुड़ी हुई कहानियां आज भी लोगों को छूती हैं। शो की कहानी की बात करें, तो यह मां-बेटी के रिश्तों की कहानी है। इसमें बेटी लवली एक जुनूनी, जज्बाती और तेज मिजाज लड़की है। वह अपने सपनों के लिए लड़ती है। उसने अपनी जिंदगी में कभी भी हार नहीं मानी। वहीं लोला एक मजबूत और हंसमुख महिला है, लेकिन अंदर से बहुत संवेदनशील है। दोनों के बीच छोटे-मोटे झगड़े होते रहते हैं, लेकिन कभी-कभी दोनों बहनों जैसा रिश्ता भी साझा करती हैं।

साभार एजेंसी

आईपीएल 2025

# एमआई के पास 17 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़कर फिर से वर्चस्व कायम करने का मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में मुंबई इंडियंस की दमदार वापसी एक बड़ी हाइलाइट है। इस सीजन में एमआई की शुरुआत लगातार दो हार के साथ हुई थी। इसके बाद उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 8 विकेट से बड़ी जीत दर्ज करके अपना खाता खोला। इसके बाद उन्हें फिर से लगातार दो हार का सामना करना पड़ा। पांच मैच में सिर्फ एक जीत के बाद एमआई के प्रदर्शन को लेकर तमाम तरह की आशंकाएं थीं। लेकिन अब लगातार पांच मैच जीतकर पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस फिर से दहाड़ रहे हैं।

हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली टीम ने शुरुआती पांच मैचों के बाद जिस तरह से वापसी की है, वह काबिले तारीफ है। मुंबई इंडियंस को हालिया जीत रविवार को मिली, जब उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रनों से हरा दिया। मुंबई इंडियंस अगर एक और मैच जीत लेती है तो यह एक ही सीजन में लगातार जीत के मामले में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी होगी। एमआई की लगातार पांच जीत के बाद जो आंकड़े निकलकर आते हैं, वे बड़े ही दिलचस्प हैं। एमआई का एक ही सीजन में लगातार छह जीत का रिकॉर्ड सीजन 2008 में आया था। लेकिन तब यह टीम न तो खिताब जीत पाई थी और न ही प्लेऑफ में ही पहुंच पाई थी। लेकिन, इसके बाद एमआई ने पांच ऐसे सीजन खेले हैं जहां उन्होंने लगातार पांच जीत दर्ज की और हर बार फाइनल में एंट्री दर्ज की।



इन पांचों सीजन में उन्होंने कमाल किया और चार बार खिताब जीतकर अपना वर्चस्व कायम किया। सिर्फ एक ही बार एमआई की टीम 2010 के सीजन में रनर-अप रहकर खिताब नहीं जीत पाई थी। इसके बाद 2013, 2015, 2017 और 2020 ऐसे सीजन थे जहां एमआई ने लगातार पांच जीत दर्ज की और खिताब भी अपने नाम किया। अब सीजन 2025 में भी लगातार पांच जीत के बाद एमआई अंक तालिका में टॉप-4 में पहुंच चुकी है। रोहित शर्मा का बल्ला भी रन बना रहा है।

गेंदबाजी में बुमराह की फॉर्म देखकर लग रहा है कि वह अपनी अच्छी फिटनेस के साथ अपनी लय हासिल कर चुके हैं। ऐसे में अगर आंकड़े कुछ बयां करते हैं तो वह यही है कि एमआई मौजूदा सीजन में भी धमाल करने के लिए तैयार है। आंकड़े एमआई को फाइनल में एक बार फिर एंट्री दिलाते नजर आते हैं। हालांकि, एमआई को अभी और निरंतरता की जरूरत होगी, क्योंकि उनका यह प्रदर्शन तब आया है जब उनके सामने अभी लीग स्टेज में चार और मैच खेलने बाकी हैं। फिलहाल प्लेऑफ में जाने वाली टीमों के बीच तगड़ी टक्कर है।

एमआई इस समय तीसरे पायदान पर मौजूद है और उसके 12 अंक हैं। टॉप पर मौजूद आरसीबी टीम के 10 मैचों में 14 अंक हैं। दूसरे स्थान पर मौजूद जीटी 8 मैचों में ही 12 अंक हासिल कर चुकी है। चौथे स्थान पर मौजूद दिल्ली कैपिटल्स 9 मैचों में 12 अंक हासिल कर चुकी है। यानी, मुंबई इंडियंस के पास न तो आत्ममुग्धता का समय है और न ही वे रिलैक्स हो सकते हैं। उनको टॉप-4 में बने रहने के लिए बाकी चार मैचों में भी पूरा दमखम झोंकना होगा। आदर्श तौर पर एमआई की नजरें टॉप-2 स्थान पर होंगी, जिसके लिए उनको लगातार जीत का सिलसिला बनाए रखना होगा ऐसा होता है तो वह न केवल खिताब की रेस में बहुत आगे हो जाएंगे, बल्कि 2008 के सीजन में बनाया लगातार जीत का रिकॉर्ड भी तोड़ देंगे।

# ऋषभ पंत पर BCCI ने लगाया 24 लाख का जुर्माना, टीम पर भी लगाया फाइन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स को मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को मिली हार के बाद एक और झटका लगा है. कप्तान ऋषभ पंत और लखनऊ के सभी प्लेयर्स पर बीसीसीआई ने जुर्माना लगाया है. इस मैच में 216 रनों का पीछा करते हुए लखनऊ 161 रनों पर ढेर हो गई थी और मुंबई ने 54 रनों से मैच जीत लिया था. लखनऊ सुपर जायंट्स टीम पर ये जुर्माना स्लो ओवर रेट के कारण लगाया है. ये इस सीजन लखनऊ का दूसरा उल्लंघन है, जिसके कारण पंत पर भारी जुर्माना लगा है और अन्य खिलाड़ियों को भी नुकसान हुआ है. दरअसल पहली बार ऐसा होने पर सिर्फ कप्तान पर जबकि दूसरी बार ऐसा होने पर कप्तान के साथ खिलाड़ियों पर भी जुर्माना लगता है.

आईपीएल द्वारा जारी बयान में बताया गया कि, लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच 45 के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखी.

चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत सीजन में उनकी टीम का दूसरा अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए पंत पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर या तो छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया जाएगा.

### आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी का खराब फॉर्म जारी

ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर हैं, उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रूपये में खरीदा था. कप्तान बनाने के साथ टीम को उम्मीद थी कि उनकी टीम अच्छा करेगी. टीम का प्रदर्शन तो बहुत बुरा नहीं है लेकिन कप्तान ने अभी तक निराश किया है. रविवार को भी मुंबई इंडियंस के खिलाफ वह सिर्फ 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. ऋषभ पंत ने 10 मैचों में सिर्फ 110 रन बनाए हैं, जबकि सिर्फ एक पारी में उन्होंने 63 रन बनाए थे. लखनऊ की ये 10 मैचों में 5वीं हार है. 10 अंकों के साथ टीम छठे स्थान पर है. अब बचे हुए 4 मैच लखनऊ के लिए महत्वपूर्ण होने वाले हैं.

आईपीएल

# विराट कोहली नहीं, पीयूष चावला ने इस खिलाड़ी को दिया आरसीबी की जीत का श्रेय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला को लगता है कि दिल्ली कैपिटल्स द्वारा उनके शीर्ष क्रम को झकझोरने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ऐसी स्थिति में एंकर की भूमिका निभाने के लिए किसी की जरूरत थी जिसे बल्लेबाजी के उस्ताद विराट कोहली ने जिस तरह से अर्धशतक लगाकर निभाया। हालांकि उन्होंने कोहली के साथ ही जीत का श्रेय क्रुणाल पांड्या को भी दिया जिन्होंने स्पिन को अच्छे से खेला जबकि कोहली को मुश्किल हो रही थी।

आरसीबी के 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान दिल्ली ने वापसी की और मेहमान टीम को 26/3 पर रोक दिया। आरसीबी की बल्लेबाजी की गहराई की परीक्षा होनी थी, और क्रुणाल पांड्या और विराट ने सुनिश्चित किया कि उनकी टीम शानदार प्रदर्शन करे। विराट और क्रुणाल ने 119 रनों की शानदार साझेदारी करके बेंगलुरु को तालिका में शीर्ष पर पहुंचाया और रॉयल चैलेंजर्स को मुश्किल दौर से सुरक्षित निकाला।

साझेदारी के दौरान विराट ने स्ट्रोक रोटेशन पर बहुत अधिक भरोसा किया और अपनी नजरें बाउंड्री रोप पर टिकाए रखीं। कोहली 51(47) रन बनाकर डगआउट लौटे, उन्होंने गेंद को इनसाइड-आउट शॉट से भेजने की कोशिश की, लेकिन बाउंड्री रोप को पार नहीं कर सके। दुष्मंथा चमीरा की लेंथ डिलीवरी, जो ऑफ के बाहर थी, ने काम कर दिया, मिशेल स्टार्क ने शांतचित्त होकर कैच पूरा किया और विराट को आउट किया। चावला ने विराट की पारी के महत्व को रेखांकित किया, भले ही यह मौजूदा टी20 मानक को पूरा नहीं करती थी। उन्होंने कहा, विराट ने अपने 50 रन कैसे भी बनाए हों, महत्वपूर्ण बात यह है कि अंक तालिका में वे दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए जाएं। आरसीबी को पारी को संभालने के लिए कोई चाहिए था, स्कोर इतना बड़ा नहीं था।

खासकर तीन विकेट खोने के बाद, आपको किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जो एक छोर से बहुत ज़्यादा विकेट न खो दे, ताकि दूसरे आपके इर्द-गिर्द घूम सकें। विराट ने बिल्कुल यही किया है। वे 51 रन भुवी के स्लॉग ओवरों जितने ही महत्वपूर्ण थे। विराट 160-170 रनों का पीछा करने के लिए बहुत बढ़िया गणना करते हैं और टीम को पीछा करने के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म देते हैं। कोहली ने एक छोर से विकेट संभाले रखा, वहीं क्रुणाल ने अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स पर बेंगलुरु की छह विकेट की शानदार जीत के पीछे मुख्य मास्टरमाइंड होने के कारण सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने दिल्ली के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी के जाल में उलझाकर रोका, अनुभवी फॉफ डु प्लेसिस का विकेट लिया और 1/28 के आंकड़े के साथ समाप्त किया। बल्ले से उन्होंने बेड़ियां तोड़ीं, अपनी बाहें खोलीं और 47 गेंदों पर 73* रन बनाकर मनोरंजक प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, क्रुणाल ऐसे खिलाड़ी हैं जो स्पिनरों को अच्छी तरह खेलते हैं और इसलिए वे मध्य चरण में अधिक खतरनाक हो जाते हैं। बल्लेबाजी के लिए यह एक मुश्किल विकेट था - यहां तक कि विराट ने भी कहा कि यह एक मुश्किल सतह थी.

# एशियाई योगासन में भारत ने 83 स्वर्ण पदक जीते

● पाकिस्तान में होने वाले इस टूर्नामेंट से हटा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भारत ने इस्लामाबाद (पाकिस्तान) में होने वाली एशियाई वॉलीबॉल चैंपियनशिप में अपनी टीम नहीं भेजने का फैसला लिया है। एशियाई योगासन चैंपियनशिप में भारत ने पूर्णरूप से अपना दबदबा बनाते हुए 83 स्वर्ण पदक जीते।

एशियाई योगासन चैंपियनशिप में भारत ने पूर्णरूप से अपना दबदबा बनाते हुए 83 स्वर्ण पदक जीते। भारत ने तीन रजत और एक कांस्य पदक समेत इस चैंपियनशिप में कुल 87 पदक अपने नाम किए। जापान तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहा। मंगोलिया, ओमान, नेपाल शीर्ष पांच में रहे। चैंपियनशिप में कुल 21 देशों ने शिरकत की, जिसमें उज्बेकिस्तान, थाईलैंड, कजाखस्तान भी शामिल हैं।



इस्लामाबाद में होने वाली एशियाई वॉलीबॉल चैंपियनशिप से हटा भारत

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भारत ने इस्लामाबाद (पाकिस्तान) में होने वाली एशियाई वॉलीबॉल चैंपियनशिप में अपनी टीम नहीं भेजने का फैसला लिया है। पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ (पीवीएफ) ने रविवार को कहा कि भारत ने अगले माह इस्लामाबाद में होने वाली मध्य एशियाई वॉलीबॉल प्रतियोगिता से अपना दल हटा लिया है। पीवीएफ के अधिकारी अब्दुल अहद ने कहा कि भारत ने 28 मई से जिन्ना परिसर में शुरू होने वाली चैंपियनशिप के लिए 22 खिलाड़ियों सहित 30 सदस्यीय टीम भेजने की पुष्टि की थी। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक शहीद हुए थे, जिससे दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ गया है। अहद ने कहा, भारतीय वॉलीबॉल अधिकारियों ने क्षेत्रीय संस्था को सूचित किया है कि उनकी सरकार ने पहलगाम में हुई घटना के बाद टूर्नामेंट के लिए उन्हें जारी किए गए एनओसी को रद्द कर दिया है।

भारत की जगह अब अफगानिस्तान या श्रीलंका की टीम भाग लेगी। इस प्रतियोगिता में ईरान, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान की टीमें को हिस्सा लेना है।

# केएल राहुल भारतीय टी-20 टीम में वापसी के हकदार: केविन पीटरसन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर केविन पीटरसन ने अपनी टीम के स्टार और बल्लेबाज और विकेटकीपर केएल राहुल को लेकर बड़ा दावा किया है।

उन्होंने राहुल के हालिया फॉर्म का हवाला देते हुए कहा कि वह भारतीय टी20 टीम में वापसी के हकदार हैं। अंग्रेज दिग्गज ने यह भी सलाह दी कि विकेटकीपर-बल्लेबाज के लिए चार नंबर सबसे बेस्ट है। दरअसल, राहुल पिछले कुछ समय से ञ्ज-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में राहुल बेहतर नहीं कर पा रहे हैं और उनके प्रदर्शन पर भी सवाल उठे हैं। हालांकि, आईपीएल के इस सीजन में राहुल काफी बेहतर फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वह अभी तक कुल 8 मैच खेले हैं। उन्होंने 146.18 स्ट्राइक रेट और 60.67 के औसत से कुल 364 रन बनाए हैं।

केविन पीटरसन ने कहा कि मैं टी20 क्रिकेट में भारत के लिए केएल राहुल को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करवाऊंगा। उन्होंने कहा कि भारत के लिए ओपनिंग करने के कई सारे बल्लेबाज हैं, लेकिन राहुल जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए मेरी पहली पसंद होंगे।

# विजय माल्या ने आरसीबी की सफलता का पीटा ढिंढोरा, विराट कोहली का नाम तक नहीं लिया!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर अपनी पिछली हार का बदला ले लिया. इसके साथ ही पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गया. टीम के स्टार बल्लेबाज इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम कर लिया है. इसके अलावा तेज गेंदबाज जॉस हेजलवुड ने इस सीजन में अभी तक सबसे ज्यादा विकेट लेकर पर्पर कैप अपने नाम कर लिया है. टीम की इस शानदार उपलब्धि पर आरसीबी के पुराने मालिक विजय माल्या ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है. बता दें कि विजय माल्या विभिन्न बैंकों से 9000 करोड़ का लोन लिया था. वह इसे बिना चुकाए ही साल 2016 में देश छोड़कर चले गए थे. तब से आरसीबी ने उनसे नाता तोड़ लिया था.

### दिल्ली के खिलाफ जीत पर माल्या ने दी बधाई

आईपीएल 2025 के 46वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हरा दिया. इस जीत से आरसीबी के पुराने मालिक विजय माल्या बहुत खुश हैं. उन्होंने सोशल मीडिया के अपने हैंडल पर सिर्फ 36 शब्दों में आरसीबी की टीम को बधाई दी है. माल्या ने अपने बधाई में विराट कोहली या किसी खिलाड़ी का खास तौर पर नाम नहीं लिया.

सर्दिनिया विश्व शतरंज:

# भारत के लियॉन की जीत से शुरुआत इटली के बेट्टाली नें किया उलटफेर

**सर्दिनिया, इटली, एजेंसी।** आज से शुरू हुए सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल में भारत के ग्रांड मास्टर और दूसरे वरीय लियॉन मेन्दोंसा नें इज़राइल के सिट्बोन इताय और को नोय एयल को पराजित करते हुए अपने अभियान की शानदार शुरुआत की है और लगातार दो जीत के साथ सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है अब तीसरे राउंड में उनका सामना भारतीय मूल के खिलाड़ी कनाडा के राजा पंजवानी से होगा .

वही दूसरे राउंड में बड़ा उलटफेर किया इटली के 28वें वरीय खिलाड़ी बेट्टाली फ़्रांचीसको नें जिन्होने पिहकले साल के विजेता और टॉप सीड डेनियल धारधा को पराजित करते हुए सभी को चौंका दिया । डेनियल के खिलाफ काले मोहोरो से खेलते हुए बेट्टाल्ली नें अपने जीवन का एक सर्वश्रेस्ठ प्रदर्शन करते हुए सिसिलन रोजोलिमों ओपनिंग में एक मात्र 37 चालों में शानदार जीत दर्ज की ।



वहीं तीसरे वरीय ग्रांड मास्टर भारत के एसएल नारायनन जिन्हे पहले राउंड में जर्मनी के सिदने पंजर नें ड्रॉ खेलने पर विवश कर दिया था उन्होने दूसरे राउंड में वापसी करते हुए हमवतन प्रणव रविकुमार को पराजित किया और अब अगले राउंड में उनका सामना नीदरलैंड के वान डेर लेनदे से होगा। 50 हजार यूरो पुरूस्कार वाली इस प्रतियोगिता में 25 देशो के करीब 200 खिलाड़ी भाग ले रहे है ।

# फुटबॉल: लिवरपूल ने 20वीं बार प्रीमियर लीग का खिताब जीता, मैनचेस्टर सिटी एफए कप के फाइनल में

**लंदन, एजेंसी।** इस जीत से लीवरपूल के 34 मैचों में 84 अंक हो गए, जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के इतने ही मैचों में 67 अंक है। आर्सेनल के लिए अब बाकी बचे मैचों में लीवरपूल की बराबरी करना संभव नहीं है। लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में रविवार को एकतरफा मुकाबले में टोटेनहैम को 5-1 हराकर 20वीं बार इस खिताब को अपने नाम कर मैनचेस्टर यूनाइटेड के रिकॉर्ड की बराबरी की। डोमिनिक सोलंके के 12वें मिनट में किये गोल से पिछड़ने के बावजूद लीवरपूल ने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और मध्यांतर तक 3-1 की बढ़त कायम कर उन्हें जश्न मनाने का मौका दे दिया।

लुइस डियाज ने मैच के 16वें मिनट में बराबरी का गोल दागा, जबकि एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने इसके आठ मिनट बाद टीम को बढ़त दिला दी। कोडी गोपिको ने 34वें मिनट में लिवरपूल को 3-1 से आगे कर दिया। टीम का दबदबा मध्यांतर के बाद भी जारी रहा। दिग्गज मोहम्मद सालाह ने 63वें मिनट में गोल कर 4-1 की बढ़त बना दी।

डेस्टिनी उडोगी के आत्मघाती गोल ने लिवरपूल को 5-1 से आगे करने के साथ टोटेनहैम के लिए वापसी के दरवाजे भी बंद कर दिए। इस जीत से लिवरपूल के 34 मैचों में 84 अंक हो गए, जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के इतने ही मैचों में 67 अंक है। आर्सेनल के लिए अब बाकी बचे मैचों में लीवरपूल की बराबरी करना संभव नहीं है। लिवरपूल के खिलाड़ियों ने 2020 के बाद प्रीमियर लीग के अपने पहले खिताब का कोच आर्ने स्लॉट के साथ गाना गा कर मनाया। इस दौरान सालाह ने प्रशंसकों के साथ सेल्फी (फोटो) खिंची। टीम ने 2020 में जब 30 साल के खिताबी सूखे को खत्म किया था तब कोविड महामारी के कारण स्टेडियम में प्रशंसक मौजूद नहीं थे लेकिन इस बार बड़ी संख्या में दर्शक टीम की लाल रंग की जर्सी में मौजूद थे। प्रशंसकों ने 20 अंक लिखा हुए बड़े-बड़े झंझे लिये थे , जो टीम के 20वें खिताब को दर्शा रहा था। अन्य मैचों में रासमस होजलंड ने अतिरिक्त समय में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बौर्नमाउथ के खिलाफ 1-1 से बराबरी दिला दी।



### नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराकर मैनचेस्टर सिटी एफए कप फाइनल में

कोच पेप गार्डियोला की देखरेख में मैनचेस्टर सिटी का सबसे खराब सत्र भी ट्रॉफी के साथ समाप्त हो सकता है क्योंकि टीम ने रविवार को यहां वेम्बली स्टेडियम में नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-0 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष एफए कप फाइनल में प्रवेश किया। सिटी की टीम को यह सफलता उसी दिन मिली जब वह आधिकारिक तौर पर इंग्लिश प्रीमियर लीग के खिताबी दौड़ से बाहर हो गयी। इससे प्रशंसकों को निराशाजनक सत्र के बीच खुशी मनाने का कुछ मौका मिल गया।

रिको लुईस ने मैच के दूसरे मिनट में गोल कर के टीम को बढ़त दिला दी जबकि रक्षापंक्ति के खिलाड़ी जोस्को ग्वारडिओल ने 51वें मिनट में कॉर्नर से हेडर के जरिए गोल में बदल कर बढ़त दोगुनी कर दी। फॉरेस्ट की टीम ने इसके बाद तीन बार गोल करने के मौके बनाये लेकिन टीम एक को भी भुनानो में सफल नहीं रही। सिटी की टीम इससे पहले चैंपियंस लीग में भी अंतिम 16 चरण में पहुंचने में नाकाम रही थी। एफए कप के फाइनल मे उसके सामने क्रिस्टल पैलेस की चुनौती होगी। यह मैच 17 मई को खेला जाएगा।

चुनाव आयोग कर रहा बड़ा परिवर्तन
मतदान करना होगा आसान

# वोटर स्लिप पर बड़े अक्षरों में लिखे होंगे सीरियल और पार्ट नंबर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मतदाता अक्सर वोटिंग के दिन अपने घर के पास बूथ की जानकारी प्राप्त करने में कंफ्यूज हो जाते हैं या फिर बूथ के अंदर वोटिंग वाले कमरे के नंबर की जानकारी नहीं मिल पाती है। अब चुनाव से पहले आपके घर पर वोटर स्लिप आएगी तो पहले से कुछ अलग होगी। कोने में बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा। इससे लोगों को किसी प्रकार का भ्रम नही रहेगा। चुनाव आयोग की तरफ से यह निर्णय लिया गया है।

अब वोटर स्लिप आएगी तो पहले से कुछ अलग होगी। कोने में बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा। इससे लोगों को किसी प्रकार का भ्रम नही रहेगा। चुनाव आयोग की तरफ से यह निर्णय लिया कि स्लिप पहले से कुछ अलग होगी। बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा।

### बिहार चुनाव से पहले चुनाव आयोग की कवायद

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी सिलसिले में चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों को और ज्यादा सटीक और भरोसेमंद बनाने के लिए तीन नई पहलें शुरू की हैं, जिसका मकसद है कि मतदान की प्रक्रिया को लोगों के लिए आसान और भरोसेमंद बनाया जा सके।

### मतदानों की सहूलियत और संदेह को दूर करने ईसी ने लिया यह फैसला



### अब मृत्यु के बाद आसानी से हटेगा वोटर का नाम

अब सीधे रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से डेथ सर्टिफिकेट यानी मृत्यु प्रमाण पत्र लेकर मर चुके मतदाता के नाम को हटाने की ईसीआई प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। इसके अलावा वोटर कंफर्मेशन स्लिप को वोटर्स फ्रेंडली बनाने और बीएलओ को पहली बार फोटो आइडेंटिटी कार्ड देने का चुनाव आयोग ने निर्णय लिया है। चुनाव आयोग ने ये फैसला किया है कि सीधे इलेक्ट्रॉनिक तौर पर डेथ सर्टिफिकेट डेटा लिया जाएगा ताकि किसी मतदाता की मौत से जुड़ी जानकारी जल्दी चुनाव आयोग को मिले। मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर मतदाता की मृत्यु को फील्ड विजिट कर बीएलओ की तरफ से वैरिफाई किया जाएगा और इसके बाद मतदाता सूची को अपडेट किया जाएगा।

### प्रमाणीकरण में नहीं होगी देरी

अब सीधे रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से जानकारी मिलने से चुनाव चुनाव आयोग मृतक वोटर के नाम को मतदाता सूची से डिलीट करने की प्रकिया फॉर्म 7 मिलने से पहले शुरू कर सकता है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने मतदाता सूचना स्लिप को ज्यादा वोटर फ्रेंडली बनाने का फैसला किया है। आयोग ने ब्लॉक लेवल ऑफिसर्स को पहली बार फोटो आइडेंटिटी कार्ड देने का फैसला किया ताकि पहचान और संपर्क आसान हों।

### बीएलओ को मिलेंगे पहचान पत्र

तीसरे ऐलान के तहत अब हर बीएलओ को एक मानक फोटो पहचान पत्र दिया जाएगा ताकि जब वे घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलें तो लोग उन्हें आसानी से पहचान सकें। साथ ही भरोसे से बात कर सकें। हालांकि मामले में चुनाव आयोग का कहना है कि ये सभी कदम विश्वास, पारदर्शिता और सहूलियत बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत प्रयास हैं।

## खबर संक्षेप

### अजमेर के होटल में आग में 4 की मौत



**अजमेर।** यहां के डिग्गी बाजार इलाके में गुरुवार सुबह नाज होटल में 8 बजे भीषण आग लग गई। लोगों को भागने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि मासूम सहित 5 लोग झुलस गए हैं। एक मां ने बचने का कोई रास्ता नहीं देख डेढ़ साल के मासूम को खिड़की से नीचे फेंक दिया, हालांकि वह बच गया। सुरक्षा कर्मियों ने उसे बचा लिया।

### इस बार आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए



**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर पाकिस्तान पर करारा हमला किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है घर में घुस के मारेंगे। अगर केंद्र सरकार इस बार पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने जा रही है तो 'घर में घुस कर बैठ जाना'। पीओके हमारा है। सभी विपक्षी दल कह रहे हैं कि इस बार आतंकवाद का खात्मा होना ही चाहिए।

### गुणवत्ता जांचने 20 को लॉन्च होगा 'डिपो दर्पण'



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार आगामी 20 मई को 'डिपो दर्पण' पोर्टल और मोबाइल एप लॉन्च करने जा रही है, जिसका उद्देश्य देशभर के खाद्यान्न भंडारण डिपो में उच्चतम गुणवत्ता और प्रदर्शन मानकों को सुनिश्चित करना है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी इस डिजिटल पहल का उद्घाटन करेंगे। इस 2,278 गोदामों को जोड़ा जाएगा।लोगों को सहूलियत होगी।

### अमृतसर से दो हथगोले तीन पिस्तौल बरामद



**पंजाब।** सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने अमृतसर जिले के एक गांव से दो हथगोले समेत हथियारों तथा गोलाबारूद का जखीरा बरामद किया है। भरोपाल गांव के पास बीएसएफ और पंजाब पुलिस के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान यह बरामदगी हुई। टीम ने दो हथगोले, तीन पिस्तौल, छह मैगजीन और 50 कारतूस बरामद किए।

### कोटा में खदान में मिले मां और बेटी के शव



**कोटा।** राजस्थान के कोटा शहर से एक दर्दनाक हादसे की खबर है। बूंदी जिले के एक गांव में पानी से भरी खदान से एक महिला और उसकी 14 महीने की बेटी के शव बरामद किए गए। पुलिस ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी है। पुलिस ने बताया यह आत्महत्या का मामला हो सकता है। कैलाश ने 24 अप्रैल को पत्नी विनीता और बेटी रिया की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

मुंबई में विश्व दृश्य- श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन की शुरुआत

# दुनिया के लिए सृजन का यही समय, सही समय संस्कृति, रचनात्मकता व कनेक्ट की लहर चली

### पीएम मोदी ने वेव्स को सृजनात्मकता का उत्सव बताया



एजेंसी ⏭ मुंबई

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन यानी वेव्स का उद्घाटन किया। वेव्स 2025 चार दिवसीय कार्यक्रम मीडिया और मनोरंजन जगत को साथ ला रहा है। वेव्स 2025 की टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'।

इसमें 90 से अधिक देशों की भागीदारी है, जिसमें 10,000 से अधिक प्रतिनिधि, 1,000 क्रिएटर्स, 300 से अधिक कंपनियां और 350 से अधिक स्टार्टअप शामिल हो रहे हैं। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र की बड़ी नींव है। वेव्स सिर्फ एक संक्षिप्त शब्द नहीं है। ये संस्कृति, रचनात्मकता, यूनिवर्सल कनेक्ट की लहर है।

टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'

### फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और संगीत का वैश्विक हब बनेगा

उन्होंने कहा कि आज भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और संगीत का वैश्विक हब बन रहा है। लाइव कॉन्सर्ट से जुड़ी इंडस्ट्री के लिए अनेक संभावनाएं हमारे सामने हैं। आज ग्लोबल एनिमेशनल मार्केट का आकार 430 बिलियन डॉलर से ज्यादा का है। अनुमान है कि अगले 10 सालों में ये दोगुना हो सकता है। ये भारत की एनिमेशन और ग्राफिक इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ा अवसर है।

**10,000** से अधिक प्रतिनिधि
**1,000** क्रिएटर्स
**300** से अधिक कंपनियां
**350** से अधिक स्टार्टअप
**90** से ज्यादा देशों की भागीदारी होगी

### भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल




**वेव्स हर कलाकार क्रिएटर का वैश्विक मंच**

पीएम मोदी ने कहा कि वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो आप जैसे हर कलाकार, हर क्रिएटर का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नए विचार के साथ रचनात्मक दुनिया के साथ जुड़ेगा। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के जी थे और कल ही उनकी जन्मजयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है।

पीएम मोदी ने कहा कि ये भारत में सृजन करें, विश्व के लिए सृजन करें' का सही समय है। आज जब दुनिया कहानी सुनाने के नए तरीके ढूंढ रही है तब भारत के पास हजारों वर्षों की अपनी कहानियों का खजाना है। और ये खजाना समय से परे है, सोच का दायरा बढ़ाने वाला है और वास्तव में वैश्विक है। ये भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल है। सामग्री, रचनात्मकता और संस्कृति, ये ऑरेंज इकोनॉमी की तीन धुरी है। भारतीय फिल्मों की पहुंच अब दुनिया के कोने-कोने में पहुंच रही है। आज 100 से अधिक देशों में भारतीय फिल्में रिलीज होती हैं।

### सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों के डाक टिकट लॉन्च किए

पीएम ने जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वेव्स में भारतीय सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों गुरु दत्त, पी. भानुमति, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी पर स्मारक डाक टिकट भी लॉन्च किया। पीएम ने कहा कि आज वेव्स में इस मंच पर हम ने भारतीय सिनेमा के अनेक दिग्गजों को डाक टिकट के माध्यम से याद किया है। मैं कभी गेमिंग, संगीत, निर्माताओं चमकने वाले चेहरों से मिला।

उद्योगपति अंबानी ने कहा

### भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग अगले दशक में 100 अरब



दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत का बहुमुखी मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़कर 100 अरब डॉलर का हो सकता है। इस वृद्धि से लाखों नौकरियां उत्पन्न होंगी और इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

समिट में बोले रजनीकांत

### पीएम योद्धा, वे चुनौतियों का सामना करने में सक्षम



अभिनेता रजनीकांत ने पहलगाम हमले के बारे में बात की। रजनीकांत ने मोदी को योद्धा कहा और कहा कि उन्हें भरोसा है कि वे किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं।

**100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता हुए एकत्र:** पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक ईको-सिस्टम की नींव रखी जा रही है।

रिकॉर्डिंग गृह मंत्रालय से साझा की

# नंदू गैंग की सक्रियता दिल्ली भाजपा अध्यक्ष को मिली 'जेड श्रेणी' सुरक्षा


गैंग के बीच हो रही बातचीत की रिकॉर्डिंग गृह मंत्रालय से साझा की गई। वीआईपी सुरक्षा देख रही समिति ने तत्काल वीरेंद्र सचदेवा की सुरक्षा वाई कैटेगरी से बढ़ा कर जेड कर दी। सचदेवा को मार्च 2023 में दिल्ली भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

नई दिल्ली

खुफिया तंत्र खासकर आईबी को कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग के गुर्गे की बातचीत मिली तो सुरक्षा तंत्र हरकत में आई। बातचीत में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा निशाने पर थे। गैंग के बीच हो रही बातचीत की रिकॉर्डिंग गृहमंत्रालय से साझा की गई। वीआईपी सुरक्षा देख रही समिति ने तत्काल वीरेंद्र सचदेवा की सुरक्षा वाई कैटेगरी से बढ़ा कर जेड कर दी।

सूत्रों ने बताया कि मिली जानकारी की गंभीरता का आंकलन किया जा रहा है। जरूरत महसूस हुई तो दिल्ली भाजपा अध्यक्ष की सुरक्षा को और सख्त किया जा सकता है। सूत्रों ने बताया, सचदेवा को धमकी भरे फोन कॉल प्राप्त हुए थे, और पूर्व आम आदमी पार्टी विधायक नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी के बाद खतरे की आशंका बढ़ गई थी।

दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को अब जेड श्रेणी की सुरक्षा के तहत 20-22 सुरक्षाकर्मियों के घेरे में रहेंगे। जिसमें 4-6 कमांडो और अन्य पुलिस कर्मी शामिल हैं, साथ ही एक पायलट वाहन भी उनके काफिले के साथ हमेशा मुस्तैद रहेगा। दिल्ली भाजपा में अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री मनिंदरजीत सिंह सिरसा के बाद अब वीरेंद्र सचदेवा तीसरे नेता होंगे जिन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा घेरे में रखा गया है।



वीरेंद्र सचदेवा को मार्च 2023 में दिल्ली भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, और वह 1988 से राजनीति में सक्रिय हैं। उन्होंने 2022 के दिल्ली नगर निगम चुनावों में पार्टी की हार के बाद कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी काम किया था। हाल ही में हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा ने उनके नेतृत्व में 70 में से 48 सीटें जीतकर आम आदमी पार्टी को सत्ता से हटाया और 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा सरकार बनाई।

# गेहूं की खरीद 250 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई, किसानों को 62155 करोड़ रुपए का भुगतान

## देश के प्रमुख राज्यों में गेहूं की खरीदारी सुचारू रूप से चल रही

नई दिल्ली

देश भर के प्रमुख राज्यों में रबी विपणन वर्ष (आरएमएस) 2025-26 के दौरान गेहूं की खरीद सुचारू रूप से जारी है। आरएमएस 2025-26 के दौरान गेहूं की खरीद के लिए निर्धारित 312 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) के अनुमानित लक्ष्य की तुलना में अब तक केंद्रीय पूल में 256.31 एलएमटी गेहूं की खरीद हो चुकी है। केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालयइस वर्ष 30 अप्रैल तक गेहूं की खरीद पिछले वर्ष के 30 अप्रैल तक की कुल खरीद 205.41 एलएमटी से अधिक हो चुकी है, जो 24.78 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। गेहूं की खरीद करने वाले सभी पांच प्रमुख राज्यों- पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक गेहूं की खरीद की है।

आरएमएस 2025-26 के दौरान कुल 21.03 लाख किसान लाभान्वित हो चुके हैं तथा कुल एमएसपी भुगतान 62155.96 करोड़ है। खरीद में प्रमुख योगदान पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का है, जहां क्रमशः 103.89 एलएमटी, 65.67 एलएमटी, 67.57 एलएमटी, 11.44 एलएमटी और 7.55 एलएमटी गेहूं की खरीद की गई। आरएमएस 2025-26 में खरीद अवधि अभी भी शेष है, इसलिए देश केंद्रीय पूल के लिए गेहूं की खरीद के पिछले वर्ष के आंकड़ों को पर्याप्त अंतर से पार करने की ओर अग्रसर है।

इस वर्ष गेहूं की खरीद में हुई बढ़ोतरी खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के ठोस प्रयासों का परिणाम है, जिनकी शुरुआत पिछले वर्षों से प्राप्त सीखों के आधार पर राज्य-विशिष्ट कार्य योजनाएं तैयार करने और राज्यों के साथ पहले से ही साझा करने से हुई। इन प्रयासों के अंतर्गत किसानों का पंजीकरण, खरीद केंद्रों की तैयारी, किसानों को एमएसपी का समय पर भुगतान आदि पर नियमित आधार पर समीक्षा बैठकों के माध्यम से संबंधित राज्यों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई की गई। अधिकांश मामलों में, किसानों को एमएसपी का भुगतान 24 से 48 घंटों के भीतर किया गया।

शीर्ष कोर्ट ने 2015 के निर्देश को दोहराया और कहा

# ताजमहल के 5 किमी के भीतर बिना हमारी अनुमति के पेड़ नहीं काटे जाएं

## अधिकारियों को शर्तों का अनुपालन करने को भी कहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



देश के सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल के 5 किलोमीटर के हवाई क्षेत्र में बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अपने 2015 के निर्देश को दोहराया है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि ऐतिहासिक स्मारक से 5 किमी की दूरी से परे टीटीजेड के भीतर पेड़ों की कटाई के लिए केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति के प्रभागीय वन अधिकारी की अनुमति की जरूरी है। अधिकारी अधिनियम के प्रावधानों से बंधे होंगे। काटने की अनुमति देने से पहले निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था।

### 8 मई 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा

पीठ ने कहा कि ताजमहल के 5 किलोमीटर के भीतर मौजूद क्षेत्रों के संबंध में, 8 मई, 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा। ऐसे मामलों में, पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए आवेदन करना होगा, भले ही पेड़ों की संख्या 50 से कम हो। कोर्ट समिति से अनुशंसा मांगेगी और पेड़ों की कटाई पर विचार करेगी। जब तक पेड़ों को काटने कीजरूरत न हो, अधिकारी को शर्त लगानी होगी।

विधानसभा चुनाव से पहले ताड़ी को लेकर सियासत तेज, जनता को लुभाने नए हथकंडे अपनाए जा रहे

# बिहार की राजनीति में तेजस्वी ने अब चला 'ताड़ी दांव', चिराग का भी मिला समर्थन

नई दिल्ली



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत नासाज रहने का असर नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव पर पड़ना तय माना जा रहा है। यही वजह है कि जदयू के अति पिछड़े वोट बैंक पर राजद नेता तेजस्वी यादव की नजर है। उन्होंने पासी सम्मेलन बुलाकर ताड़ी को शराब की श्रेणी से बाहर करने की वकालत कर खूब वाह वाही बटोरी। पासी वोटरों पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की भी नजर है। सो वो भाजपा, जदयू के साथ रहते हुए भी इस मामले को लेकर तेजस्वी के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। बिहार में शराबबंदी की वजह से ताड़ी की बिक्री पर भी प्रतिबंध है। नीतीश ने शराब और ताड़ी को एक ही श्रेणी में रखकर बंदी की पॉलिसी बनाई थी। ताड़ी बंद होने से पासी समुदाय का काम खत्म हो गया। तेजस्वी और चिराग का मानना है शराब एक विधि से बनाई जाती है जबकि ताड़ी प्राकृतिक है। ताड़ी को शराब की श्रेणी से बाहर करना चाहिए। ताड़ी बिहार में नए चुनावी समीकरण बना रहा है।

बिहार में 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले ताड़ी (ताड़ और खजूर के पेड़ों के रस से बना पारंपरिक पेय) को लेकर सियासत तेज हो गई है। तेजस्वी और चिराग ने ताड़ी को शराबबंदी कानून से बाहर करने की मांग उठाकर पासी समुदाय के वोटरों को लुभाने की रणनीति अपनाई है। यह मुद्दा पासी समुदाय की आजीविका से जुड़ा होने के साथ नीतीश की शराबबंदी नीति की विफलता को उजागर करने का हथियार बन गया है। दोनों नेताओं की इस मांग ने बिहार की जातिगत और सामाजिक राजनीति में नए समीकरण बनाए हैं, खासकर दलित और अति पिछड़ा वर्ग के बीच। बिहार में अप्रैल 2016 से बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद शुल्क अधिनियम, 2016 के तहत पूर्ण शराबबंदी लागू है। इस कानून ने ताड़ी को भी शराब की श्रेणी में शामिल कर लिया, जिससे पासी समुदाय की पारंपरिक आजीविका पर गहरा असर पड़ा। ताड़ी को 8फीसदी से अधिक अल्कोहल सामग्री होने पर शराब माना जाता है, और इसे बेचने या बनाने पर 7 साल तक की जेल का प्रावधान है। पासी समुदाय, जो पीढ़ियों से ताड़ और खजूर के पेड़ों से ताड़ी निकालने का काम करता है, इस कानून से सबसे अधिक प्रभावित हुआ। अनुमानित 5 लाख पासी परिवारों की आजीविका छिन गई। 2023 बिहार जाति सर्वेक्षण के अनुसार, पासी समुदाय की आबादी 12 लाख 88 हजार 31 (लगभग 1 फीसदी से कम) है, जो महादलित श्रेणी में आता है और बिहार की अनुसूचित जातियों का 19.65फी सदी हिस्सा है। पासी वोटर 50 से अधिक विधानसभा सीटों (खासकर मगध, मिथिलांचल, और कोसी क्षेत्रों में) पर निर्णायक भूमिका निभाते हैं, जिससे वे चुनावी दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। ताड़ी न केवल पासी समुदाय की आजीविका का आधार है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह सस्ता और स्थानीय पेय है, जो गरीब और मध्यम वर्ग में लोकप्रिय है।

तेजस्वी ने पासी समुदाय से ताड़ी को शराबबंदी से बाहर करने का वादा किया। अगर महागठबंधन की सरकार बनती है, तो ताड़ी को शराबबंदी कानून से बाहर किया जाएगा और इसे प्राकृतिक पेय का दर्जा दिया जाएगा। ताड़ी व्यवसाय को उद्योग का दर्जा देकर इसे संगठित क्षेत्र में लाया जाएगा, जिससे पासी समुदाय को आर्थिक लाभ होगा। ताड़ी बेचने के आरोप में दर्ज मुकदमों को वापस लिया जाएगा और प्रभावित परिवारों को राहत दी जाएगी नीरा और ताड़ी आधारित उत्पादों (जैसे गुड़, सिरका) को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण और सब्सिडी दी जाएगी।

तेजस्वी ने शराबबंदी को विफल और दमनकारी नीति करार दिया। उनके अनुसार, 12.80 लाख लोग शराबबंदी उल्लंघन में जेल गए, जिनमें 99 फीसदी दलित और ईसीबी समुदाय के हैं। 2000 से अधिक मौतें जहरीली शराब से हुईं, जिनके लिए सरकार ने कोई मुआवजा नहीं दिया। उन्होंने दावा किया 2022-2023 में महागठबंधन सरकार के दौरान उपमुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने नीतीश से ताड़ी को शराब की श्रेणी से बाहर करने की मांग की थी।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,